# मानवता के कैंसर पाकिस्तान से दुनिया को मुक्ति मिलना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ जम्मू




**आरएस** पुरा की चुनावी रैली में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा- महराज जी! जहां आपका आगमन हुआ है, वहां से मात्र दो किमी. दूरी पर उनका एरिया शुरू होता है, जिन्हें आप चुनौती देते हो। भाजपा के शीर्षस्थ पदाधिकारी के मुख से जैसे ही यह शब्द निकले, पूरा आरएस पुरा योगी-योगी की जयकार से गूंज उठा। चुनावी जनसभा में उमड़ा जनसैलाब योगी के अभिवादन में खड़ा हो गया। योगी को देख आह्लादित जम्मू-कश्मीर के लोग कह उठे- जो राम को लाए हैं- वो आरएसपुरा आए हैं। सीएम योगी के निशाने पर पाकिस्तान भी रहा। उन्होंने एक तरफ देश में चल रहीं भाजपा की विकास योजनाओं को गिनाया तो वहीं पाकिस्तान को रोटी के लिए लड़ने वाला भीखमंगा भी कहा। बोले मानवता के कैंसर पाकिस्तान से दुनिया को मुक्ति मिलनी चाहिए। रामगढ़ और आरएस पुरा में योगी का यह बयान पाकिस्तान के हालातों को चुनौती देता दिखा। 2017 के पहले तक यूपी की छवि किस रूप में थी, यह किसी से छिपी नहीं है। कभी बीमारू यूपी के नाम से प्रसिद्ध देश का सबसे बड़ा राज्य योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन गया है। माफिया को जहन्नुम तक पहुंचाकर समृद्ध यूपी की पहचान बनाने वाले योगी आदित्यनाथ की छवि का संदेश जम्मू-कश्मीर में बहुत दूर तक गया। रामगढ़ की रैली हो या आरएस पुरा की। हर जगह योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को आमजन उमड़ पड़े। जम्मू-कश्मीर को विरासत व वीरता की धरती बताते हुए सीएम योगी जहां आमजन की भावनाओं से जुड़े। एक तरफ जहां नीतियों को लेकर कांग्रेस, पीडीपी व नेशनल कॉन्फ्रेंस की योगी आदित्यनाथ ने खूब घेरा, वहीं आमजन के मुद्दों की बातकर वे लोगों से भी जुड़े। सीएम ने अमरनाथ यात्रा को लेकर कांग्रेस के रवैये को भी घेरा। बोले कि पहले धमकी सुनकर विपक्षी पार्टियों के नेता सहम जाते थे, लेकिन अब पूरा देश बेखौफ होकर बाबा बर्फानी के दर्शन करता है। आरएस पुरा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करने के बाद योगी आदित्यनाथ जब उतरने लगे तो भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में मंच पर ही सेल्फी लेने की होड़ मच गई। योगी आदित्यनाथ ने भी कार्यकर्ताओं को निराश नहीं किया। उन्होंने मंच से ही सेल्फी खिंचवाई। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से परिचय भी प्राप्त कर यह संदेश दिया कि कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ हैं और इसी रीढ़ की बदौलत भाजपा फिर से जम्मू-कश्मीर में भगवा लहराएगी। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को फिर जम्मू-कश्मीर में दहाड़ेंगे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में प्रदेश में मतदाता सूची को अपडेट करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करने के निर्देश जारी किये थे, जिसके अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 20 अगस्त से 10 सितम्बर 2024 तक घर-घर सत्यापन की कार्यवाही करते हुए शिफ्टेड, मृतक तथा रिपीटेड श्रेणी के मतदाता चिन्हित किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपने कार्यालय के सभागार कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सभी जिलाधिकारियों को बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान प्राप्त फार्मों का नियमानुसार निस्तारण 3 अक्टूबर, 2024 से पूर्व करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 1 अक्टूबर, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम शामिल करने के दावों का निस्तारण भी 3 अक्टूबर तक सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे 29 अक्टूबर को शुद्ध, सारगर्भित व त्रुटिविहीन मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ, हरदोई, प्रतापगढ़, गौतमबुद्धनगर, चित्रकूट, शाहजहांपुर, उन्नाव, रामपुर जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर सत्यापन के दौरान शिफ्टेड, मृतक और रिपीटेड श्रेणी के चिन्हित प्रकरणों से संबंधित सभी अवशेष फॉर्म-7 का संबंधित बीएलओ द्वारा भरा जाना अगले दो दिन में सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सम्भाजन प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नए मतदान बूथों को बनाने अथवा वर्तमान बूथों की पुनर्गठन की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं द्वारा वोट देने की प्रक्रिया को सुगम बनाने को प्राथमिकता देते हुए सम्भाजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी है। बैठक में प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शामिल हुए।

# भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक कराने वाली पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 का प्रश्न पत्र लीक कराने वाले गैंग की महिला सदस्य और विशप जॉनशन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारूल सोलोमन निवासी सिविल लाइन, प्रयागराज को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा 11 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी। परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट होने की विभिन्न माध्यमों से वायरल हुई सूचनाओं और तथ्यों के आधार पर शासन द्वारा परीक्षा निरस्त कर सम्पूर्ण पेपर लीक प्रकरण की जांच व विवेचना एसटीएफ को सौंप दी गई थी। विवेचना के दौरान एसटीएफ 21 अप्रैल 2024 को इस मामले में वांछित 04 अभियुक्तों के साथ अर्पित विनित यशवंत पुत्र स्व. सुशील कुमार यशवंत निवासी 54/148बी म्योराबाद थाना कैंट जनपद प्रयागराज को भी गिरफ्तार किया था।

जो विशप जॉनशन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज प्रयागराज का परीक्षा सम्बन्धी कार्य देखता था। विवेचना के क्रम में एसटीएफ कार्यालय प्रयागराज में पूछताछ के लिए उक्त कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारूल सोलोमन को भी पूछताछ के लिए एसटीएफ कार्यालय बुलाया गया।

पूछताछ के दौरान उनके खिलाफ आरोप सही पाए जाने के बाद एसटीएफ ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार पारूल सोलोमन द्वारा ही अभियुक्त अर्पित विनित यशवंत की नियुक्ति की गयी थी। जिसके द्वारा पूर्व प्रिसिंपल के सहयोग से परीक्षा का पेपर लीक कर अपराधिक कृत्य किया गया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं पूर्णिमा मिश्रा आयु 24 वर्ष पुत्री स्व. राजेश कुमार मिश्रा वर्तमान निवासी ज्ञान आउटलेट विकास खण्ड–3 गोमती नगर लखनऊ घोषणा करती हूँ कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम मिश्रा पूर्णिमा राजेश कुमार पिता के नाम के साथ अंकित है ,वह त्रुटिपूर्ण है ,जबकि मेरा वास्तविक नाम पूर्णिमा मिश्रा जो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 964870357561 में अंकित है। पूर्णिमा मिश्रा व मिश्रा पूर्णिमा राजेश कुमार एक ही व्यक्ति हैं ,वह सभी व्यवस्थाओं में माना जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता अमित मिश्रा एवं सुधीर मिश्रा पुत्र स्व. परमात्मा किशोर मिश्रा आपस मे सगे भाई है। सुधीर मिश्रा के किसी भी प्रकार के वित्तीय/गैवित्तीय लेनदेन अथवा कार्य के प्रति मेरी कोई भी जिम्मेदारी व जबाव देही नही होगी। अमित मिश्रा पुत्र स्व. परमात्मा किशोर मिश्रा MIG-30 इन्दिरा नगर, नियर RDA काम्पलेक्स, रायबरेली

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मेरे छोटे पुत्र श्रेय श्रीवास्तव का आचरण एवं व्यवहार मेरे व घर के अन्य सदस्यों के प्रति ठीक नहीं है, वह आये दिन लड़ाई–झगड़ा व गाली–गलौज करता है। गलत गतिविधियों में लिप्त हैं जिस कारण मैं अपने छोटे पुत्र श्रेय श्रीवास्तव से समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। मैंने अपने पुत्र श्रेय श्रीवास्तव को अपनी समस्त सम्पत्ति चल व अचल से बेदखल कर दिया है। पंकज श्रीवास्तव पुत्र राम गोविन्द श्रीवास्तव, निवासी : मकान नं०–545क/अ 82, लक्ष्मन विहार, पारा रोड, आवास विकास कालोनी, लखनऊ (उ०प्र०)–226017

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अभिषेक कुमार सिंह का चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल वा अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा सुशील कुमार सिंह पुत्र जगरूप सिंह निवासी मकान नंबर–2, देवरी गजा पोस्ट बाजार गांव थाना माल मलिहाबाद

सूचना

मैं आर्मी नंबर 17024186 M CFN Phadatare Sandip Vitthal पुत्र phadatare Vitthal Ganpat वर्तमान पता 803 मैदानी कर्मशाला कंपनी C/o 56 न्यू कैंट प्रयागराज स्थाई पता Village Boratwadi Post Khorochi Distt Pune Maharastra-413114 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम Komal Arvind Hasabe दर्ज है जो कि गलत है उसका सही नाम Phadatare Komal Sandip है हर कार्य के लिए यही पढ़ा जाए

# जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा सरकारः अखिलेश यादव

## दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आई रिपोर्ट का दिया हवाला, कहा-मिलावट व मुनाफाखोरी चरम पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर जो रिपोर्ट आ रही है वह बेहद गंभीर है और लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है। इस सरकार में मुनाफाखोरी और मिलावटखोरी चरम पर है। जिसका सीधा असर जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दवाएं और खाद्य पदार्थों को लेकर जिस तरह की सूचनाएं मिल रही है वह बेहद चिंता जनक हैं। भाजपा सरकार में दवाएं लगातार महंगी हो रही है लेकिन उनकी गुणवत्ता बेहद घटिया है। आखिर यह कौन लोग है जो आम जनता, गरीबों के जीवन के साथ खेल कर रहे हैं। आज की भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देना चाहिए कि क्वालिटी टेस्ट में फेल हो रहीं दवाओं को खाकर मरीज कैसे ठीक होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में यह धंधा जोरों पर है। जब तक भाजपा दवा कम्पनियों से चंदा बटोरती रहेगी, तब तक कम गुणवत्ता वाली दवाओं का धंधा जारी रहेगा। सच्चाई तो यह है कि भाजपा को लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। उसे अपने चंदे से मतलब है। देखने वाली बात होगी कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर जो रिपोर्ट आयी है उस पर कोई कार्रवाई होती है या चंदे का रेट बढ़ाकर मामला रफादफा कर दिया जाएगा। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में तो स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है।

# दुकान के आगे नाम लिखने को मायावती ने बताया चुनावी राजनीति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार की तरफ से सभी दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखने के जारी आदेश पर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे कुछ खास फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा सरकार ने ऐसा ही फैसला कांवड़ यात्रा के समय भी लिया था, उसका क्या फायदा हुआ किसी को पता नहीं है।

गुरुवार को अपने सिलसिलेवार ट्वीट में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी सरकार द्वारा होटल, रेस्तराँ, ढाबों आदि में मालिक, मैनेजर का नाम, पता के साथ ही कैमरा लगाना अनिवार्य करने की घोषणा, कावंड़ यात्रा के दौरान की ऐसी कार्रवाई की तरह ही, फिर से काफी चर्चाओं में कि यह सब खाद्य सुरक्षा हेतु कम व जनता का ध्यान बांटने की चुनावी राजनीति ज्यादा। उन्होंने कहा कि वैसे तो खासकर खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि को लेकर पहले से ही काफी सख्त कानून मौजूद हैं, फिर भी सरकारी लापरवाही/मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है, किन्तु अब दुकानों पर लोगों के नाम जबरदस्ती लिखवा देने आदि से क्या मिलावट का कालाधंधा खत्म हो जाएगा? वैसे भी तिरुपति मन्दिर में प्रसादम के लड्डू में चर्बी की मिलावट की खबरों ने देश भर में लोगों को काफी दुखी व उद्वलित कर रखा है और जिसको लेकर भी राजनीति जारी है। धर्म की आड़ में राजनीति के बाद अब लोगों की आस्था से ऐसे घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन? यह चिन्तन जरूरी।

# सांपों की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है सरकारः वन मंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## विभागीय बैठक में मानव व सर्प संपर्क के कारण होने वाली घटनाओं को कम करने की रणनीति पर हुई चर्चा

**वन** मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में वन मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव (वन) मनोज सिंह एवं वन बल प्रमुख सुधीर कुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव पीसीसीएफ एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, सुनील चौधरी पीसीसीएफ कार्ययोजना एवं प्रबंध निदेशक वन निगम तथा अनुराधा वेमुरी पीसीसीएफ अनुसंधान एवं प्रशिक्षण मौजूद रहे।

बैठक में मानव एवं सर्प संपर्क के कारण उत्पन्न होने वाले संघर्षों की गंभीरता, सर्प दंश की घटनाओं तथा इस संघर्षपूर्ण स्थिति को कम करने की रणनीतियों के बारे में चर्चा की गई। हॉफकिन्स इंस्टीट्यूट, पुणे की पूर्व निदेशक डॉ. निशिगंधा नाइक ने उत्तर प्रदेश में सर्प दंश की घटनाओं की प्रकृति, कारण एवं गंभीरता पर एक प्रस्तुति दी तथा दीर्घकाल में मानव जीवन एवं अन्य संसाधनों को बचाने के लिए इन घटनाओं को कम करने हेतु एक प्रणाली स्थापित करने के अपने अनुभव साझा किए। यह उल्लेख करना उचित है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मानव-पशु संघर्ष को आपदा घोषित किया है और सरकारी आदेश के अनुसार मानव हानि, चोट और संपत्ति के नुकसान की भरपाई की जाती है। भारत में, सांप के काटने से होने वाली वार्षिक मानव मृत्यु 55,000 से 65,000 के बीच होती है, जबकि सांप के काटने की घटनाएं 2,50,000 से 3,00,000 तक होती हैं। उत्तर प्रदेश प्रमुख प्रभावित राज्यों में से एक है क्योंकि सांप के काटने से होने वाली मानव मृत्यु सालाना 15,000 से 16,000 के बीच होती है। सांप के जहर से निपटने में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बड़े स्पेक्ट्रम और कुशल एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता है। पहले के दिनों में सांप के काटने से खतरे में पड़े मानव जीवन को बचाने के लिए एंटीडोट की 3 से 5 खुराक पर्याप्त थी। अब 15 से 25 खुराक लगती हैं यह भी सच है कि बहुत से लोगों को विषैले और गैर विषैले सांपों में अंतर करने की बुनियादी जानकारी नहीं होती।

# मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था का चेहरा बदलने में सबसे अहम रोल अदा कियाः अजय राय



## कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश के दबे कुचले लोगों की स्थिति को सुधारने एवं देश की अर्थव्यवस्था का चेहरा बदलने में सबसे अहम रोल अदा किया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के कार्यकाल में आरटीआई, आरटीई जैसे तमाम कानून लाकर सामाजिक न्याय की स्थापना की और लोगों को समस्याओं से निकलने में तथा उनको हक दिलाने में अहम रोल अदा किया।

शिक्षा का अधिकार, रोजगार का अधिकार, फूड सिक्योरिटी, मनरेगा जैसे कानून बड़े क्रांतिकारी कदम साबित हुए जिसके लिए मनमोहन सिंह जी को हिंदुस्तान के इतिहास के साथ-साथ पूरी दुनिया के राजनीतिक इतिहास में याद किया जाएगा। राय ने कहा कि जब पूरी दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही थी ऐसे हालात में मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों के चलते भारत में मंदी का सबसे कम असर पड़ा।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह द्वारा देशहित में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, आरपी सिंह, पंडित नितिन शर्मा, संजीव पाण्डेय, अलीमुल्लाह खान, आलोक सिंह रैकवार, नितांत सिंह, विकास श्रीवास्तव, अमित राय, बदरे आलम, अयाज खान, शमशाद, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजद रहे।

## बलिया के कई सामाजिक कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा से प्रभावित होकर जनपद बलिया से सामाजिक कार्यकर्ता फहद बिन शराफत ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर राय ने उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अलीमुल्लाह ख़ान, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# मेजर सुनील द्विवेदी बने सार्वजनिक उपक्रम व निगम संयुक्त समिति के सभापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## वर्ष 2024-25 के लिए सतीश महाना ने किया विधानसभा की कई समितियों का गठन

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा की विभिन्न समतियों का गठन किया है। इनमें सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति, पंचायती राज समिति, प्रदेश के स्थाई निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति एवं प्रतिनिहित विधायन समिति सहित अन्य समितियां शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2023 के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष ने सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति जैसे महत्वपूर्ण समिति का सभापति मेजर सुनील द्विवेदी विधायक फर्रुखाबाद को नियुक्त किया है। यह समिति विधानमंडल की सबसे बड़ी वित्तीय मामलों की समिति है। इस समिति में 25 सदस्य विधानसभा से एवं 10 सदस्य विधान परिषद से नाम निर्देशित किए जाते हैं। इसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष ने प्राक्कलन समिति का सभापति अमित अग्रवाल विधायक मेरठ को नियुक्त किया है। इस समिति में भी 25 सदस्य होते हैं। यह भी विधानसभा की महत्वपूर्ण वित्तीय समिति है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
मंडलीय कार्यालय : लखनऊ, परिसर विभाग
न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल,हजरतगंज,लखनऊ–226001

कार्यालय परिसर लीज के लिए निविदा आमंत्रण सूचना

इंडियन बैंक, एक सार्वजनिक क्षेत्र बैंक, **"अहिमामऊ (जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश),"** में नए परिसर खोलने के लिए 1200 वर्ग फीट क्षेत्रफल कार्पेट एरिया वाल (पूर्ण निर्मित/ निर्माणाधीन परिसर), भूतल पर स्थित, पार्किंग सुविधा से सम्पन्न परिसर के लिए परिसर के मालिकों से (तकनीकी और वित्तीय निविदा) प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो पट्टे के आधार पर 15 वर्षों के लिए शाखा/कार्यालय स्थापना के लिए देने को तैयार हो । निविदा प्रपत्र मंडलीय कार्यालय, द्वितीय तल, न्यू बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ–226001 से प्राप्त अथवा हमारी बैंक की वेबसाइट **www.indianbank.in** से **दिनांक 27.09.2024 से 12.10.2024** तक डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12.10.2024 तक है। निविदा का विवरण हमारी वेबसाइट **www.indianbank.in** से प्राप्त किया जा सकता है
बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक 26.09.2024 — अंचल प्रबन्धक

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
शाखा कार्यालयः इंडियन बैंक, सीपी 198, प्रथम तल, अमाया ग्रीन्स, विराज खंड, लखनऊ
टेली–0522–3142419, ईमेलः– v165@indianbank.co.in

सोने की नीलामी सह आमंत्रण सूचना

हमारी **विराज खंड शाखा** के निम्नलिखित उधारकर्ता ने हमसे गोल्ड लोन लिया है और मंजूरी शर्तों के अनुसार अब तक उसका भुगतान नहीं किया है। हमने उधारकर्ता को पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचित किया लेकिन फिर भी कोई जवाब नहीं आया। इसलिए, इस विज्ञापन के माध्यम से, विशेष रूप से प्रतिज्ञाकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक** नीलामी की तिथि पर लागू मूल्य पर संबंधित शाखा में आयोजित करने का प्रस्ताव है।

| शाखा | खाता सं. | उधारकर्ता का नाम | दिनांक तक बकाया राशि | सकल वजन (ग्राम में) | नीलामी का स्थान | शाखा प्रबन्धक एवं सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विराज खण्ड | 7355582223 | श्री इमरान | 301113 | 76.510 | इण्डियन बैंक, विराज खण्ड, शाखा, लखनऊ | श्री शशांक आनन्द मो0 8090000164 |
| विराज खण्ड | 7362986250 | श्री इमरान | 354070 | 112.57 | इण्डियन बैंक, विराज खण्ड, शाखा, लखनऊ | श्री शशांक आनन्द मो0 8090000164 |

**नीलामी के नियम एवं शर्तें**: नीलामी के माध्यम से आभूषणों की खरीद के प्रस्ताव को स्वीकार करने का निर्णय बैंक का होगा और बैंक उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने हित में यहां निर्धारित नीलामी के नियमों एवं शर्तों पर ध्यान दें: (1) बैंक आभूषण/सिक्कों के वजन या शुद्धता की गारंटी नहीं देता है, चाहे उसमें सोने की मात्रा हो या अन्यथा। (2) आभूषण **दिनांक 05.10.2024 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक** के बीच इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। (3) इच्छुक खरीदार **दिनांक 05.10.2024** को या उससे पहले आरक्षित मूल्य का 25% बयाना राशि जमा करेंगे। (4) 24 घंटे के भीतर या अगले कार्य दिवस पर बैंक के व्यावसायिक घंटों के दौरान शेष राशि का भुगतान करने पर आभूषण उच्चतम बोली लगाने वाले को सौंप दिया जाएगा। (5) यदि सफल बोलीदाता राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो बैंक बयाना राशि जब्त कर लेगा एवं उस तारीख से 30 दिनों के भीतर आभूषण को फिर से बेचा जा सकता है और बयाना राशि से अधिक की कमी होने पर बोली लगाने वाले से वसूली की जाएगी। पिछली नीलामी में सफलतापूर्वक बोली लगाई लेकिन भुगतान के बदले में आभूषण की डिलीवरी नहीं ली। (6) असफल बोलीदाता नीलामी समाप्त होने के तुरंत बाद बयाना राशि की वापसी का हकदार होगा। (7) बैंक के लिए बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर नीलामी रोकना वैध होगा, ऐसी स्थिति में जमा करने वाले को बयाना राशि वापस कर दी जाएगी। (8) नीलामी खरीदार द्वारा लागू जीएसटी का भुगतान किया जाएगा।

दिनांकः 27.09.2024 — स्थानः लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)

# क्यूएस बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में आईआईएम लखनऊ देश में चौथे स्थान पर

● संस्थान के प्रमुख प्रबंधन स्नातकोत्तर कार्यक्रम को एशिया के शीर्ष 10 प्रबंधन कार्यक्रमों में मिला स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) के प्रमुख पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) ने क्यूएस बिजनेस मास्टर रैंकिंग 2025 में भारत में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही आईआईएमएल एशिया भर में शीर्ष 10 प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल हो गया है। यह रैंकिंग प्रबंधन शिक्षा में आईआईएम लखनऊ की निरंतर उत्कृष्टता को उजागर करती है। वैश्विक स्तर पर, आईआईएम लखनऊ के पीजीपी को क्यूएस बिजनेस मास्टर रैंकिंग 2025 में 111-120 बैंड में स्थान दिया गया है, जो इसे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन कार्यक्रमों में से एक बनाता है। दो वर्षीय, पूर्णकालिक आवासीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम छात्रों को व्यवसाय प्रबंधन में एक व्यापक आधार प्रदान करता है। यह कोर्स ऐसे कौशल को बढ़ावा देता है जो उन्हें दूरदृष्टि के साथ नेतृत्व करने और संगठनों के लिए स्थायी प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। वहीं भविष्य के लिए तैयार प्रबंधकों को आकार देने के लिए डिज़ाइन किए गए पाठ्यक्रम के साथ, कार्यक्रम छात्रों को भविष्य के व्यावसायिक परिदृश्य को आकार देने के लिए उपकरणों से सशक्त बनाता है।

### यह है क्यूएस बिजनेस मास्टर रैंकिंग

**क्यूएस** बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग विश्व स्तर पर सबसे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त रैंकिंग में से एक है। जो अकादमिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा और अनुसंधान प्रभाव सहित विभिन्न मापदंडों के माध्यम से शीर्ष बिजनेस स्कूलों का मूल्यांकन करती है।

### यह है आईआईएम लखनऊ

**1984** में स्थापित भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ, कलकत्ता, अहमदाबाद और बैंगलोर के बाद भारत में स्थापित प्रबंधन स्कूलों के में चौथा है। 2005 में, आईआईएम लखनऊ ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नोएडा में विशेष रूप से कार्यकारी शिक्षा के लिए एक उपग्रह परिसर स्थापित करने वाला पहला आईआईएम बनकर प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। आईआईएम लखनऊ को एएसीएसबी और एएमबीए से मान्यता प्राप्त है, जबकि इसका ईक्यूआईएस प्रत्यायन जारी है। संस्थान 2 वर्षीय फ्लैगशिप पीजीपी कार्यक्रम और एक वर्षीय आईपीएमएक्स कार्यक्रम दोनों के लिए प्रतिष्ठित एफटी-100 शीर्ष वैश्विक बिजनेस स्कूलों में शामिल है। इसे एनआईआरएफ रैंकिंग में भी लगातार शीर्ष बिजनेस स्कूलों में स्थान दिया गया है। आईआईएम लखनऊ 10 साल पहले सस्टेनेबल मैनेजमेंट में 2 वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम शुरू करने वाला पहला आईआईएम था।

# ज्योतिबा फुले, स्मृति उपवन व वनस्थली पार्क में बनेगा चिल्ड्रेन-प्ले एरिया

● लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने किया शारदा नगर व कानपुर रोड योजना का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कानपुर** रोड योजना स्थित ज्योतिबा फुले जोनल पार्क, स्मृति उपवन व वनस्थली पार्क में चिल्ड्रेन-प्ले एरिया विकसित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को शारदा नगर व कानपुर रोड योजना का निरीक्षण करके अधिकारियों को इस बाबत दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विकास एवं अनुरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सर्वप्रथम शारदा नगर विस्तार योजना में बनाये गये प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्देश दिये कि जल निगम के साथ समन्वय स्थापित करके हैंडओवर की गयी जमीन पर जल्द से जल्द एसटीपी का निर्माण शुरू कराया जाए। इसके अलावा क्षेत्रीय अवस्थापना निधि से पार्कों का विकास व सौंदर्यीकरण करवाया जाए। निरीक्षण में पाया गया कि कालोनी के पीछे की दीवार टूटी हुयी है, जिसे उपाध्यक्ष ने पुनः निर्मित कराने के निर्देश दिये। वहीं, योजना में खाली पड़े लगभग 170 आवासीय भूखण्डों की पत्रावलियों का परीक्षण कराकर इन्हें ई-ऑक्शन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिये। इसके बाद उपाध्यक्ष ने रतन लोक अपार्टमेंट का निरीक्षण किया। यहां सीपेज आदि की समस्या पायी गयी, साथ ही कुछ फ्लैटों के खिड़की-दरवाजे क्षतिग्रस्त मिले। इस पर उपाध्यक्ष ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए एक महीने के अंदर समस्त कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सोसाइटी में क्लब हाउस निर्मित था, जिसे उपाध्यक्ष ने संचालित कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उपाध्यक्ष ने कानपुर रोड योजना स्थित ज्योतिबा फुले जोनल पार्क, स्मृति उपवन व वनस्थली पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तीनों पार्कों में थीम आधारित चिल्ड्रेन प्ले एरिया विकसित किया जाए, जिसके लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेल से प्रस्ताव तैयार करा लिया जाए। साथ ही पार्कों में टिकटिंग के उचित प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करवाया जाए।

# एलयू के 17 शिक्षकों को मिला शोध के लिए अनुदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** विश्वविद्यालयों में शोध को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट ग्रांट के तहत शासन स्तर पर राज्य विश्वविद्यालयों को बजट आवंटित कर दिये गये हैं। आवंटित बजट में लखनऊ विश्वविद्यालय के 17 शिक्षकों को ग्रांट दी गयी है। इस आशय का आदेश शासन स्तर पर संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पाण्डेय की तरफ से जारी कर दिया गया है।

रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत उत्तरप्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के विशेषज्ञ समिति की संस्तुति पर यह अनुदान स्वीकृत किया गया है। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए जारी अनुदान में लखनऊ विश्वविद्यालय के जुलोजी विभाग में डॉ. हदिया हुसैन को 250000 रुपए, ओनजीसी के तहत डॉ. एम. सिराजुद्दीन को 389000 रुपए, जुलोजी विभाग के डॉ. परमजीत सिंह को 300000 रुपए, स्टेटिक्स की डॉ. रोहिणी यादव को 264000 रुपए, केमिस्ट्री के डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह को 110000 रुपए, जुलोजी विभाग की डॉ. कल्पना सिंह को 280000 रुपए, केमिस्ट्री के डॉ. सुधीर सिंह को 135000 रुपए, जुलोजी के डॉ. अनिल त्रिपाठी को 350000 रुपए, जुलोजी के डॉ. राजेश कुमार खरवार को 570000 रुपए, डॉ. मधु गुप्ता को 250000 रुपए, फिजिक्स के डॉ. राजेश कुमार शुक्ला को 760000 रुपए, डॉ. रोली वर्मा को 220000 रुपए, शिक्षाशास्त्र के डॉ. हेमेन्द्र कुमार सिंह को 206000 रुपए, बॉटनी के डॉ. प्रदीप कुमार को 323000 रुपए, मैथ के डॉ. आनन्द वल्लभ जोशी को 190000 रुपए, एस्ट्रोनॉती की डॉ. अलका मिश्रा को 226600 रुपए, स्टेटिक्स की डॉ. शांभवी मिश्रा को 211200 रुपए अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए आवंटित किये गये हैं।



**शोध** और अनुसंधान शिक्षा का आधार स्तंभ हैं और प्रदेश सरकार का यह कदम राज्य के विश्वविद्यालयों में शोध और नवाचार को गति प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे हमारे शिक्षण संस्थानों में न केवल शोध की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि छात्रों को भी विश्वस्तरीय शोध वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक अहम कदम है। सरकार आगे भी प्रदेश के विश्वविद्यालयों को हरसंभव सहायता प्रदान करती रहेगी, ताकि वे शोध और नवाचार में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें।

**योगेन्द्र उपाध्याय**
**उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश**

### इनको भी मिला अनुदान

**जिन** विश्वविद्यालयों को अनुदान प्राप्त हुआ है, उनमें लखनऊ विश्वविद्यालय, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय (बरेली), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ (वाराणसी), वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर) और सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर) शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 57,38,800 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो निर्धारित शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन वितरित की जाएगी।

# राजभवन में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत गुरुवार को राजभवन में ब्रिज फॉर चेंज फाउण्डेशन, बैंगलुरू के संस्थापक आशीष अग्रवाल ने 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम में मानव जीवन की छोटी-छोटी आदतों के संबंध में व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन में योगदान करते हुए किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ाने के लिए माइंडफुल कंजम्पशन को एक उपकरण के रूप में बढ़ावा देने को अग्रवाल ने प्रेरित किया। उन्होंने मानव जीवन में छोटे-छोटे बदलाव के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण को होने वाले फायदे के बारे में बताया। इस क्रम में उन्होंने पेड़ लगाने, जल संरक्षण, अपनी सुविधाओं में आवश्यकतानुसार कमी लाना, जीवन शैली में बदलाव आदि के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

अग्रवाल द्वारा स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में उपस्थित राजभवन के कार्मिकों से पारस्परिक संवाद किया गया तथा उनसे टास्क के साथ-साथ फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी एवं राजभवन के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**आज** राजभवन में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के छात्र-छात्राओं ने प्रभावी नाट्य प्रस्तुति द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। आज की प्रस्तुति में विश्वविद्यालय के सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# एलयू व सीसीआरएच के बीच हुआ एमओयू



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अनुसंधान** और संसाधन साझाकरण के उद्देश्य से गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। संयुक्त समझौता ज्ञापन के माध्यम से वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, औषध विषय, आण्विक जीवविज्ञान, भेषज विज्ञान फार्माकोग्नॉसी, जैव प्रौद्योगिकी एवं होम्योपैथी आदि, सहित अंत:विषय विज्ञान में संयुक्त पीएचडी अनुसंधान कार्यक्रम, शोध प्रबंध कार्यक्रम आदि परिषद के साथ आरंभ होंगे। साथ ही सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए पारस्परिक लाभकारी कार्य करने को बढ़ावा मिलेगा। समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना तथा केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने की। शिष्टाचार भेंट के दौरान पारस्परिक सहयोगात्मक अध्ययन हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। समझौता ज्ञापन का समन्वयन परिषद द्वारा डॉ.दिग्विजय वर्मा, अनुसंधान अधिकारी वैज्ञानिक-ढ्ढ (नोडल अधिकारी औषधि मानकीकरण), सीसीआरएच, नई दिल्ली, तथा लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. गौरी सक्सेना, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. सुनील एस रामटेके, उप महानिदेशक, डॉ शाजी कुमार आर टी, अनु. अधिकारी, डॉ पंकज गुप्ता, सहायक निदेशक (औ.), शकील अहमद, सलाहकार इत्यादि उपस्थित रहे।

**माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं यूनिसेफ की पहल**

# प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में अब बच्चों संग अभिभावक भी ले रहे करियर संबंधी जानकारी



● बच्चों को अपने सपनों के करियर की उड़ान भरने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं यूनिसेफ सशक्त कर रहा

**पायनियर समाचाार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के साथ साथ अब माता पिता को भी बच्चों के करिअर से जुड़े विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए विशेष पेरन्ट टीचर मीटिंग का आयोजन इस शैक्षिक सत्र से शुरू किया गया है। साथ ही सभी विद्यालयों में करियर हब विकसित किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई यह पहल 'उत्तर प्रदेश पंख' कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही है जिसका उद्देश्य कक्षा 9-12 के छात्र छात्राओं को करियर से जुड़ी जानकारी देना एवं उनका मार्गदर्शन करना है।

आडिशनल स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, समग्र शिक्षा अभियान विष्णुकांत पांडे ने कहा कि कई बार अभिभावकों को नए करियर विकल्पों को लेकर जानकारी का अभाव या संदेह रहता है। ऐसे में बच्चों को अपना मन चाहा करियर चुनने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है एवं माता पिता से मतभेद भी होता है। इस दृष्टि से पंख कार्यक्रम के अंतर्गत करियर संबंधित बात चीत में अभिभावकों को भी शामिल करने का प्रयास किया गया है ताकि वे भी नए विकल्पों के विषय में जागरूक हों एवं सही करियर चुनने में बच्चे का सहयोग कर सकें। यूनिसेफ के शिक्षा अधिकारी रवि दयाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से अलग अलग करियर विकल्पों से संबंधित कार्ड्स विकसित किए गए हैं। जिसमें करियर संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई है। उदाहरण के तौर पर यदि कोई छात्र या छात्रा फैशन डिजाइन, आर्म्ड फोर्सेस, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो उनके लिए कौन से विकल्प मौजूद हैं, कैसे आवेदन किया जा सकता है, क्या योग्यता है, कौन से कॉलेज में यह कोर्स किये जा सकते है, कोर्स के बाद नौकरी की क्या संभावनाएँ है आदि सभी जानकारी कार्ड में दी गई है। उन्होंने बताया की पंख के अंतर्गत सभी विद्यालयों में करिअर हब विकसित किए गए है जिसमें करिअर संबंधी चार्ट एवं पोस्टर आदि लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक शनिवार को एक विशेष सत्र का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाता है ताकि बच्चों से विभिन्न करियर विकल्पों के विषय में बात चीत की जा सके। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख डॉ जकारी ऐडम ने कहा कि बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी उनके भविष्य, करियर, रोजगार और आजीविका को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहते हैं।

राज्य सरकार और यूनिसेफ की पंख पहल उन्हें सही समय पर कक्षा 9-12 में मदद कर रही है, ताकि वे अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सही निर्णय ले सकें।

# फेमिली प्लानिंग काउंसिलिंग कार्नर स्थापित करें निजी अस्पताल: एसीएमओ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहरी** क्षेत्र में परिवार नियोजन सेवाओं को और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में वृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में द चैलेंज इनिशिएटिव (टीसीआई)-पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से निजी अस्पतालों के चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने और उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को प्रदान के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही प्रदान की जाने वाली परिवार नियोजन सेवाओं को हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर हर महीने निश्चित रूप से अपलोड करने के बारे में भी जानकारी दी गयी।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. ए.पी. सिंह ने कहा कि निजी अस्पताल अपने यहाँ फेमिली प्लानिंग काउंसिलिंग कार्नर स्थापित करें ताकि लोगों को गर्भनिरोधक साधनों के फायदे के बारे में भलीभांति समझाया जा सके। विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला में बताया गया कि प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ने, क्षमता निर्माण और आंकड़ों के संग्रह पर जोर दिया जा रहा है ताकि योजनाओं के निर्माण में उनका सही इस्तेमाल किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में करीब 40 निजी अस्पताल के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया, जिन्हें परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# लखनऊ में डेंगू के 28 रोगी मिले, 19 घरों को नोटिस जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** में मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को राजधानी में डेंगू के 28 मरीज मिले हैं। अब तक जनपद में डेंगू के कुल 363 एवं मलेरिया के 401 धनात्मक रोगी पाये गये हैं।

राजधानी के जिन इलाकों में डेंगू के रोगी मिले हैं उनमें जनपद में डेंगू के 28 (अलीगंज-4, चन्दरनगर-5 इन्दिरानगर-3, सिल्वर जुबली-3, गोसाईगंज-1, सरोजिनी नगर-3 टूडियागंज-2, एनके रोड-2, इटौजा-1, रेडक्रास-2, ऐशबाग-2) एवं मलेरिया के 8 (अलीगंज, चन्दरनगर, बीकेटी, मलिहाबाद, ऐशबाग) धनात्मक रोगी पाये गये। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 363 एवं मलेरिया के 401 धनात्मक रोगी पाये गये। आज लगभग 2184 घरों एवं आस-पास 10382 कन्टेनरों में मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 19 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

# परिवार नियोजन को कुल प्रजनन दर की परिधि से बाहर लाएं

● विश्व गर्भ निरोधक दिवस पर आयोजित हुआ प्रदेशस्तरीय मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**परिवार** सीमित करने के बजाय परिवार प्लान करने का संदेश दिया जाए। आशा के घर पर कंडोम व अन्य गर्भनिरोधक उपलब्ध कराए जाएं ताकि स्थानीय लोग कभी भी प्राप्त कर सकें। सिर्फ टीएफआर (टोटल फर्टिलिटी रेट) घटाने पर ही जोर न दिया जाए, परिवार नियोजन में युवाओं की भूमिका बढ़ाने के लिए यौन शिक्षा को स्कूल स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल कर बच्चों को पढ़ाया जाए। नवजात शिशुओं की सुरक्षा, उनका टीकाकरण सुनिश्चित करके भी युवाओं को परिवार नियोजन की ओर बेहतर तरीके से आकर्षित किया जा सकता है। कुछ इस तरह के सुझाव गुरुवार को राजधानी के एक निजी होटल में हुए अंतरविभागीय मंथन में निकल कर आए।

विश्व गर्भनिरोधक दिवस के मौके पर परिवार कल्याण निदेशालाय व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में स्वयंसेवी संस्था ममता के सहयोग से आयोजित इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के पहले सत्र में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी, समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ हरिओम और मेरठ की मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नुपुर गोयल शामिल हुईं। सत्र को माडरेट किया बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के डॉ गुंजन तनेजा ने।

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि हमें परिवार नियोजन को कुल प्रजनन दर की परिधि से बाहर लाकर देखना होगा और पांच सूत्रीय रणनीति के साथ हर स्तर पर सेवाओं की सुविधा पर ध्यान देना होगा जिसमे ग्राम स्तर पर छाया ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, सभी विभागों के प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओ के क्षमतावर्धन, आयुष्मान आरोग्य मंदिरो पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता, सभी विभागों के बीच समन्वय और पूरे समाज की जन सहभागिता बढाना शामिल है। उन्होंने कहा कि सास बहू बेटा सम्मेलन में बेटे-बेटियों को गर्भधारण के बारे में बताया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि महिला कल्याण और बाल एवं पुष्टाहार विभाग कई कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से माँ-बच्चे के पोषण और स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ योजना, आंगनबाणी केंद्र पर गोदभराई और काउंसिलिंग, वन स्टाप सेंटर के माध्यम से निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना, संभव अभियान, विभिन्न बाल एवं महिला शरणालयों में देखभाल, कन्या जन्मोत्सव और इनमे से अधिकतर गतिविधियाँ स्वास्थ्य विभागं के सहयोग से सम्पादित होती हैं।

प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने कहा कि हमें स्वस्थ भविष्य के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ यौन शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। इससे नई पीढ़ी परिवार नियोजन के बारे में स्वत: जागरूक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है। हमें परिवार नियोजन से जुड़ी सुविधाएं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हमेशा उपलब्ध रखनी होंगी ताकि जब जो चाहे वह अपने हिसाब से गर्भनिरोधक प्राप्त कर सके। मेरठ की सीडीओ नुपुर गोयल ने परिवार नियोजन के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की।

# नगर की साफ सफाई के लिए महिला अधिकारी व कर्मचारियों ने उठाया झाड़ू



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लगातार संचारी रोगों पर नियंत्रण पाकर इनके खात्मे के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को गति प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किये जा रहे हैं। जिस क्रम में गुरुवार को ज़ोन 8 में चल रहे अभियान में प्रतिभाग कर समाज व आम जन की सुरक्षा के द्रष्टिगत अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया गया। आज के अभियान में विशेष रूप से जोनल क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, गलियों की साफ सफाई, नाले व नालियों की साफ सफाई और कोल्ड फॉगिंग इत्यादि गतिविधियों को सुनिश्चित किया गया।साथ ही स्थानीय लोगों को संचारी रोगों व अन्य के बारे में जागरूक करने के उद्देश्यों से पम्पलेट भी वितरित किये गए। उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अम्बी बिष्ट व महामंत्री अंदलीब जेहरा अपने तमाम साथियो के साथ निरंतर प्रत्येक जोनो मे चल रहे संचारी रोग रोकथाम अभियान व पब्लिक अवेयरनेस रैली में सहभागिता की जा रही है। लखनऊ को स्वच्छ बनाना है महिलाओं ने भी यह ठाना है इसी लक्ष्य के साथ संचारी रोगों से बचाव हेतु महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा हाथ मे झाड़ू लेकर साफ सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं को सुदृण बनाए जाने का प्रयास निरंतर नियमित रूप से किया जा रहा है।

# जानकीपुरम, गुड़म्बा व अमीनाबाद में पांच अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने जानकीपुरम, गुड़म्बा व अमीनाबाद क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे पांच व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि सुधा द्विवेदी व अन्य द्वारा जानकीपुरम में 60 फिटा रोड पर गीता वस्त्रालय के बगल में लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, अंकित कुमार द्वारा खुर्रमनगर में रिंग रोड पर लगभग 800 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बेसमेंट समेत तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मो असहद उल्ला द्वारा गुड़म्बा के कल्याणपुर पश्चिम में राष्ट्र भारती स्कूल वाली गली में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा शिवमंगल सिंह द्वारा जानकीपुरम विस्तार में भूखण्ड संख्या-3/1249 पर लगभग 2152 वर्गफिट क्षेत्रफल में बेसमेंट समेत दो मंजिला व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध रूप से कराये जा रहे इन चारों निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

### व्यावसायिक बिल्डिंग सील

**प्रवर्तन** जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि पवन कुमार गुप्ता व अन्य द्वारा अमीनाबाद में बताशे वाली गली के पास अनूप ज्वैलर्स के सामने लगभग 45 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दो मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण को सहायक अभियंता सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में अवर अभियंता राकेश कुमार व एसके दीक्षित द्वारा परिसर को सील कर दिया गया।

# 15 नवम्बर को होगा जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन

● **कार्यक्रम में 22 राज्यों सहित दो विदेशी टीमों के कलाकार करेंगे प्रतिभाग**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 नवम्बर, 2024 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग डॉ हरिओम ने बापू भवन स्थित सभाकक्ष में एक बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम में जनजातीय जीवन की स्पष्ट झलक आनी चाहिए। इस कार्यक्रम में आने वाले कालाकारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों-उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, जम्मूकश्मीर, बिहार, मिजोरम, मेघालय, पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली के अतिरिक्त विदेशों की दो टीमों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति कराया जायेगा। साथ ही जनजातीय कलाकारों के साथ-साथ घुमन्तु जातियों, नट, बीन, बहरूपिया एवं भपंग वादन, कच्ची घोड़ी, लॉगमैन, कठपुतली के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी कलाकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, परिधान, व्यंजन, जनजातीय खेलों के अतिरिक्त आकर्षक शिल्प से सुसज्जित 100 दुकानों का शिल्प मेला लगाया जायेगा। जनजातीय वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति एवं उनकी प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी।

# हाईकोर्ट ने पूछा प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन कैसे बिक रहा?

● **खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी तलब**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**सेहत** के लिए खतरनाक प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन की बाजार में धडल्ले से बिक्री पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गंभीर रूख अख्तियार किया है। पीठ ने फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को शुक्रवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। पूछा है कि कैसे चाइनीज लहसुन बाजारों में खुलेआम बेचा जा रहा है। जबकि उस पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। पीठ ने केंद्र सरकार के वकील से भी पूछा है कि देश में उक्त प्रतिबंधित लहसुन के प्रवेश को रोकने के लिए क्या तंत्र है। क्या सरकार ने प्रतिबंधित लहसुन का देश में आवक का स्त्रोत पता करने के लिए कोई कार्रवाई की है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को पुन: होगी।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान चिनहट बाजार से खरीद कर आधा किलोग्राम चाइनीज लहसुन कोर्ट में पेश कर दिया। कहा गया कि वर्ष 2014 से ही चीन का लहसुन देश में प्रतिबंधित है। किन्तु अब तस्करी के जरिए मार्केट में आ रहा है। कहा गया कि उक्त चाइनीज लहसुन पर इसलिए प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि यह सेहत के लिए हानिकारक है। इसमें कीटनाशकों का उच्च स्तर पर प्रयोग होता है व उसके फंगसयुक्त होने का भी डर होता है। कहा गया कि देशी लहसुन से काफी सस्ता होने की वजह से यह चाइनीज लहसुन अवैध तरीके से बाजार में उतारा जा रहा है। जिस पर केंद्र व राज्य सरकारें लगाम लगाने में असमर्थ दिख रही हैं।

# ड्रोन दिखने से दहशत में ग्रामीण, एसीपी ने की अफवाहों से बचने की अपील

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**ड्रोन** उड़ते दिखने से गांव के लोगों में पनप रही दहशत दूर करने गुरुवार को एसीपी रजनीश वर्मा खुद ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। दयालपुर गांव में चौपाल लगाकर उन्होंने हर किसी के सवालों के जवाब डेकर उनकी शंका दूर की। एसीपी ने कहा ड्रोन से डरने की जरूरत नही है कुछ भी संदिग्ध दिखने पर फौरन पुलिस की मदद ली जा सकती है।

मोहनलालगंज क्षेत्र के भदेसुआ निगोहा रायभान खेड़ा धर्मावत खेड़ा सिसेंडी परेहटा समेत कई गांव में कुछ दिन से रात में ड्रोन उड़ते दिखने से लोगों में दहशत बनी हुई है। कुछ गांव से तो ग्रामीण पुलिस को सूचना देकर बुला चुके हैं। उधर सोशल मीडिया के जरिए भी आसमान में उड़ते दिख रहे ड्रोन को लेकर तरह तरह की चर्चाएं वायरल हो रही हैं। जिसे लेकर लोगों का भ्रम दूर करने के लिए गुरुवार को एसीपी रजनीश वर्मा ने खुद मोर्चा संभाल लिया। दयालपुर गांव पहुंचे एसीपी ने चौपाल लगाकर लोगों में ड्रोन को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं को संबोधित करते हुए एसीपी ने कहा रक्षा संगठन की ओर से एक अहम उद्देश्य के मद्देनजर ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। जिससे किसी को भी कोई हानि नही है। यह सिलसिला लंबे समय तक चल सकता है। हालांकि उन्होंने इस दौरान किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना फौरन पुलिस को देने की अपील की। एसीपी ने कहा घबराइए मत जरूरत पड़ने पर पल भर में पुलिस टीम आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर है।

# भारत के मिशन 2047 को आगे बढ़ाने में यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका: विश्व बैंक अधिकारी

**लखनऊ** विश्व बैंक के उपाध्यक्ष (दक्षिण एशिया क्षेत्र) मार्टिन रेजर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश भारत के मिशन 2047 को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मिशन 2047 के तहत देश को आजादी के 100 साल पूरे होने तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। रेजर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव मनोज सिंह के साथ इस बात पर चर्चा कि उत्तर प्रदेश को 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में विश्व बैंक कैसे मदद कर सकता है।

उन्होंने कहा, हम भारत के लिए एक नए (उधार) रणनीति चक्र की शुरुआत कर रहे हैं और रणनीति चक्र आमतौर पर चार-पांच साल के लिए होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उसके आधार पर विश्व बैंक अगले दो-तीन वर्षों में एक अरब डॉलर या उससे अधिक के कर्ज या मौद्रिक सहायता तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के मिशन 2047 में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश के 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सवाल पर रेजर ने कहा, मुझे लगता है कि यह पूरी तरह व्यावहारिक है। लेकिन इसे आगे बढ़ाने के लिए सुधारों की जरूरत है। यह बात सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे भारत के लिए लागू होती है। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक उत्तर प्रदेश के लिए अपनी खेती के आधुनिकीकरण, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने के साथ पानी के अधिक दक्ष इस्तेमाल को लेकर एक परियोजना बना रहा है। इससे किसानों को परंपरागत नकदी फसलों से अधिक मूल्यवर्धित उत्पादों का रुख करने में मदद मिलेगी।

# लखनऊ के एमकेआईटीएम का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में विकल्प खंड स्थित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) के कायाकल्प कराने पर भी योगी सरकार का फोकस है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एमकेआईटीएम में लैंडस्केप रेनोवेशन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत, सॉफ्ट स्केपिंग, प्लांटेशन, हॉर्टीकल्चर समेत हार्ड स्केपिंग प्रक्रिया (जिसमें म्यूरल फॉर्मेशन, फाउंटेन, पाथवे, सीटिंग, बैरीकेडिंग, शेड, वॉल पेंटिंग), इलेक्ट्रिकल व प्लंबिग वर्क्स समेत विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां किचन लैब को भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एमकेआईटीएम में टूरिज्म से संबंधित विभिन्न ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा कोर्सेस का संचालन किया जाता है। ऐसे में, प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गाइड की तैनाती की जाएगी।

**रिवॉल्वर के साथ सिविल कोर्ट परिसर में घुसने का मामला**

# हाईकोर्ट ने जिला जज और पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट की तलब

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**कैसरबाग** स्थित पिछले दिनों सिविल कोर्ट परिसर में रिवॉल्वर लेकर एक व्यक्ति के घुसने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जिला जज व पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट तलब किया है। पीठ के संज्ञान में लाया गया कि कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति जजेज के प्रवेश करने वाले गेट से रिवॉल्वर लेकर सिविल कोर्ट परिसर में घुस गया था। पीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि कोर्ट परिसर के गेटों पर तमाम इक्युपमेंट लगे होने के बावजूद यह घटना कैसे घटित हो गई। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश देवेन्द्र गुप्ता की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में सिविल कोर्ट परिसर में पिछले दिनों हुई चाकूबाजी की घटना का मसला उठाया गया है। पीठ को इस घटना के बावत शासकीय अधिवक्ता डॉ. वीके सिंह ने बताया कि अब मामले की जांच एसीपी, मलिहाबाद से कराईजा रही है। घटना में दो अभियुक्त करन सोनकर और शुभम पाण्डेय के नाम सामने आए हैं। जिनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है। पीठ ने जिला जज को यह भी आदेश दिया है कि वह लखनऊ तथा सेंट्रल बार एसोसिएशन से इस सम्बन्ध में जानकारी तलब करें कि क्या उक्त शुभम पाण्डेय उनके बार का सदस्य है।

## हाईकोर्ट से इन्द्रजीत की जमानत मंजूर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सैफई** के बहुचर्चित पेसमेकर घोटाला मामले में अभियुक्त बनाए गए सप्लायर इन्द्रजीत कुमार की जमानत याचिका गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश पारित किया। आरोप है कि इन्द्रजीत कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. समीर सर्राफ के साथ साठगांठ कर नकली पेसमेकरों की सप्लाई की। एमआरआई पेसमेकर की जगह नॉन एमआरआई पेसमेकर की सप्लाई कर डॉक्टरों और मरीजों से मोटी रकम ऐंठी गई। अभियुक्त की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने बहस की। उनका कहना था कि सात फरवरी 2022 को इटावा के सैफई थाने में डॉ. आदेश कुमार ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। ऑडिट समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. समीर सर्राफ को नामजद किया था। कहा गया कि इस मामले में इन्द्रजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर में सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। बल्कि उसका नाम विवेचना के दौरान लाया गया।

# रेलवे लाइन पर पेड़ गिरा, चार घंटे तक ट्रेनों का आवागमन ठप



**मोहनलालगंज।** कलंदर खेड़ा में लकड़कट्टे की लापरवाही से ओएचई वायर तोड़कर पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिर गया। जिससे रायबरेली रेलखंड पर चार घंटे तक ट्रेनों का आवागमन ठप रहा। गनीमत रही कि इस दौरान कोई ट्रेन नही गुजर रही थी जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलवे लाइन की मरम्मत के बाद शाम को ट्रेनों का आवागमन शुरू हो सका। मोहनलालगंज के कलंदर खेड़ा निवासी किसान लक्ष्मण मकान के पीछे लगे पेड़ को लकड़कट्टे से कटवा रहे थे। इसी बीच पेड़ ओएचई वायर तोड़ते हुए रेलवे लाइन पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही दोपहर करीब साढ़े बारह बजे लखनऊ रायबरेली रेल पथ पर रेल गाड़ियों का आवागमन बंद करा दिया गया। रेलवे अफसरों की टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक से पेड़ हटवाकर रेलवे लाइन की मरम्मत कर शाम साढ़े चार बजे रायबरेली के लिए इंटरसिटी रवाना की गई। रेल कर्मियों की मानें तो गनीमत रही कि पेड़ किसी ट्रेन पर नही गिरा जिससे अनहोनी टल गई।

वरिष्ठ खण्ड अभियंता सुभव श्रीवास्तव ने बताया कुछ वक्त जरूर लगा लेकिन स्टाफ ने लाइन क्लियर कर ट्रेनों का आवागमन शुरू करा दिया। टीम ने रेलवे ट्रैक के आसपास लगे अन्य पेड़ों की भी छंटाई कर दी है। पेड़ काट रहे लकड़कट्टे का पता लगाया जा रहा है।

# वित्तमंत्री से मिला संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति का शिष्टमंडल

**लखनऊ।** गुरुवार देर शाम संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक एनपी त्रिपाठी तथा सह संयोजक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल माननीय वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिला। समिति के सह संयोजक प्रचार ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि पेंशन राशिकरण की कटौती के प्रकरण पर वित्त मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया कि यह प्रकरण विचाराधीन है और प्रदेश सरकार इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेगी। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के प्रस्तावित अधिवेशन 26 नवंबर, 2024 को विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारने हेतु अनुरोध पर भी मंत्री द्वारा सहमति व्यक्त की गई। वित्त मंत्री द्वारा यह भी कहा गया कि पेंशनर्स की समस्याओं को पहले ही बता दीजिए जिससे समाधान करा कराया जा सके। अधिवेशन के समय मांग उठाने पर तत्काल कुछ कह पाना मुश्किल होता है। संयोजक त्रिपाठी द्वारा तत्समय कोई भी मांग न उठाए जाने की बात कही गई। शिष्टमंडल में संयोजक एन पी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के उपाध्यक्ष गोपी कृष्ण श्रीवास्तव व बाबू लाल भी शामिल थे।

# छावनी में राष्ट्रवाणी सम्मेलन का आयोजन

● **हास्य कवियों ने बिखेरा जलवा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**छावनी** स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में गुरुवार को प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा, रक्षा मंत्रालय, मध्य कमान, लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रवाणी सम्मेलन अपनी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मध्य कमान के अधीनस्थ 24 छावनी परिषदों और 10 रक्षा संपदा अधिकारी सर्कल का यह कमान स्तरीय प्रथम संयुक्त राजभाषा सम्मेलन था। सम्मेलन में छावनी परिषद आगरा, इलाहाबाद, बरेली, फतेहगढ़, कानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर एवं वाराणसी तथा रक्षा संपदा कार्यालय आगरा, बरेली, इलाहाबाद एवं लखनऊ की सक्रिय भागीदारी रही। श्रीमती भावना सिंह, प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा, मध्य कमान के नेतृत्व व डॉ दीर्घ नारायण यादव, निदेशक (राजभाषा) मध्य कमान के मर्गदर्शन और छावनी परिषद लखनऊ के समन्वयन में अभिषेक सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी, लखनऊ छावनी ने इस कार्यक्रम को क्रियान्वित किया। सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने बताया कि सम्मेलन आरंभ होने से पूर्व सदर बाजार स्थित छावनी चिकित्सालय परिसर में नव स्थापित डायलिसिस सेन्टर का लोकार्पण महानिदेशक, रक्षा सम्पदा द्वारा सम्पन्न हुआ। हिंदी पखवाड़ा के दौरान उपरोक्त 7 छावनी परिषदों व 4 रक्षा सम्पदा कार्यालयों में आयोजित राजभाषा संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं (यथा अनुवाद, निबंध लेखन, श्रुति लेख, नोटिंग ड्राफ्टिंग आदि) में पुरस्कार पाने वाले कर्मचारियों को राजभाषा सम्मेलन के मंच से मुख्य अतिथि जीएस रजेस्वरन, महानिदेशक, रक्षा संपदा, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ने प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस सम्मेलन के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' मिशन पर मध्य कमान की सभी 24 छावनी परिषदों द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में, विशेषत: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में, किए गए कार्यों और उपलब्धियों वाली स्वच्छता पत्रिका 'मणिमला' का भी लोकार्पण संपन्न हुआ। सम्मेलन की मुख्य संयोजिका भावना सिंह, प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा, मध्य कमान ने अपने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित इस राजभाषा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति का संवर्धन करना है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता ही सेवा के विभिन्न आयामों को जन-जन तक पहुंचना है।

# ट्रेड शो में यीडा ने अपने स्टॉल्स में तीनों नए प्रोजेक्ट्स पर किया फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

● **मेगाइवेंट में यमुना प्राधिकरण ने सेमीकंडक्टर पार्क को बनाया अपना सबसे मेजर थीम**

**इंटरनेशनल** ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में इस बार विभिन्न स्टॉल्स को थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) यहां अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहा है। खासकर वो प्रोजेक्ट्स जो जल्द ही लॉन्च होने वाले हैं। इनमें तीन सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सबसे प्रमुख हैं। इन तीनों प्रोजेक्ट्स की थीम बनाकर यीडा ने अपने स्टॉल स्थापित किए हैं।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, हमारा मुख्य स्टॉल यीडा का है जिसका साइज 9 गुणे 12 है। इसमें मुख्य रूप से फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क हमारे तीन नए थीम है। इसमें सेमीकंडक्टर हमारा सबसे मेजर थीम है और सेमीकंडक्टर के लिए हमने जमीनें भी आरक्षित कर दी है और जमीन हमारे पजेशन में आ गई है। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन समिट हुआ था, जिसमें काफी निवेशकों ने रुचि दिखाई। हमारे तीन प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में हैं, जो कभी भी अप्रूव हो सकते हैं। इसके अलावा और भी तीन-चार कंपनियां जिनमें कुछ यूएस कंपनियां भी इंट्रेस्ट दिखा रही है। जैसे ही सेमीकंडक्टर का अप्रूवल मिलता है, वैसे ही हम इसके लिए जमीन दे देंगे। हम इस पर बहुत फोकस कर रहे हैं।

# गांधी जयंती पर ग्राम पंचायतों में मनाया जाएगा 'मनरेगा जागरूकता दिवस'

**लखनऊ।** गांधी जयंती के विशेष अवसर पर, 2 अक्टूबर 2024 को राज्य के ग्राम पंचायतों में 'मनरेगा जागरूकता दिवस' का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस दिन ग्राम स्तर पर मनरेगा योजना की व्यापक जागरूकता सुनिश्चित की जाए। इस संदर्भ में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी. एस. प्रियदर्शी के स्तर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत श्रम बजट निर्माण हेतु समय सारणी, दायित्व, एवं प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। इसके तहत 2 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों का निर्धारण किया जाएगा। केशव प्रसाद मौर्य ने इस दिन को 'मनरेगा जागरूकता दिवस' के रूप में मनाने के साथ-साथ ग्राम स्तर पर गोष्ठियों, कार्य मांग की प्रक्रियाओं, योजना का प्रचार-प्रसार, एवं अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# बच्चों को जल संरक्षण के संस्कार दें: प्रो. एनबी सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पानी** बचाने के लिए जमीन पर काम होना चाहिए। केवल बातों से काम नहीं चलेगा। हमें बच्चों को जल संरक्षण के संस्कार देने होंगे। ये बातें केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने जल संवाद कार्यक्रम में कहीं। विज्ञान भारती, विभा वाणी एवं उन्नत भारत अभियान के इस संयुक्त आयोजन में देशभर के पर्यावरणविदों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। स्वागत भाषण में विभा वाणी के स्टेट कोआर्डिनेटर डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। प्रो. एनबी सिंह ने कहाकि आज घर-घर में आरओ लगाने का प्रचलन आम हो गया है, जो ठीक नहीं है। आरओ पानी की बर्बादी तो करता ही है, उसके खनिज आदि उपयोगी तत्व भी निकाल देता है। जिससे इस पानी को पीने वालों को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते। परिणाम स्वरूप कई बीमारियां घेर लेती हैं। विज्ञान भारती अवध प्रांत के अध्यक्ष डॉ. अरविंद माथुर ने कहाकि जल पंच महाभूतों में से एक है। हजारों वर्ष पहले से सनातन धर्म में पानी का महत्व बताया गया है। हमारे ऋषि वैज्ञानिक थे जिन्होंने वेद-पुराणों में पानी महत्व बताया था। रीजनल फूड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. एसके चौहान ने कहाकि पानी की शुद्धता बनाए रखना बहुत आवश्यक है। केरल से आए विभा वाणी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एनपी राजीव ने कहा कि हम भगीरथ सेना बनाएंगे जो गांव-गांव जाकर पानी का महत्व बताएगी। बीबीएयू के प्रो. राणा प्रताप सिंह ने कहा कि हमें हर हाल में पानी के अंधाधुंध दोहन को रोकना होगा। उन्होंने कहाकि पानी को शुद्ध करने के लिए हमें पारंपरिक उपाय अपनाने चाहिए। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. विभूति राय ने कहाकि पानी बचाने के उपाय हमें घर से आरंभ करने होंगे। कार्यक्रम में प्रो. एपी सिंह, डॉ. नीरज शुक्ल, अनिल कुमार सिंह सहित कई जल संरक्षण विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों ने विचार व्यक्त किए।

# मुआवजे के लिए सीएम से लगाई गुहार, डीएम ने खुद किया आर्थिक सहायता का सत्यापन

**मोहनलालगंज।** पान की फसल जलने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सीएम से गुहार लगाने वाले किसान से मिलकर गुरुवार को डीएम सूर्यपाल गंगवार ने खुद उसे मिली आर्थिक सहायता का सत्यापन किया। डीएम ने भविष्य में आर्थिक नुकसान से बचने के लिए किसान को अनिवार्य रूप से फसल बीमा कराने की सलाह दी। मोहनलालगंज के भद्दी सिर्स निवासी किसान मुन्नालाल चौरसिया ने मदा खेड़ा में पान की फसल उगाई थी। 19 जून को भीट में अचानक आग लगने से उसकी पान की फसल जाकर नष्ट हो गई। किसान को लाखों की फसल का नुकसान हुआ। लेकिन उसे मुआवजे का मरहम तक नही लग सका। परेशान किसान ने सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद हाल ही में मंडी परिषद से उसे तीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। गुरुवार को मोहनलालगंज में ईवीएम वेयर हाउस का जायजा लेने पहुंचे डीएम सूर्यपाल गंगवार ने किसान से संपर्क कर उसे मिली आर्थिक सहायता का सत्यापन किया। पीड़ित किसान ने सहायता राशि काफी कम होने की डीएम से शिकायत की तो अधिकारियों ने नियमों का हवाला देकर और अधिक मदद दे पाने में हाथ खड़े कर दिए। जिस पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने पीड़ित किसान मुन्नलाल चौरसिया को फसल बीमा योजना की जानकारी दी। डीएम ने आगे से फसल बीमा अनिवार्य रूप से कराने की नसीहत दी ताकि उसे किसी तरह का नुकसान न उठाना पड़े। जिस पर किसान ने डीएम का आभार जताया।

# सरोजनीनगर में मल्टी एक्टिविटी हॉल के लिए विधायक ने दिये 10 लाख के चेक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्पतिवार को सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम, सरोजनीनगर मल्टी एक्टिविटी हॉल बनाए जाने के लिए 10 लाख की राशि का चेक प्रदान किया। डॉ. सिंह ने पितृ पक्ष के अवसर पर अपनी माता तारा सिंह और पिता रण बहादुर सिंह की स्मृति में वृद्धाश्रम में मल्टी एक्टिविटी हाल बनवाने के लिए सीएसआर फण्ड से यह धनराशि उपलब्ध कराई है। इसके साथ ही विधायक ने बुजुर्गों के लिए मिठाई और नए कपड़े भी उपलब्ध करवाए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि वृद्धाश्रम के वृद्धजनों से मेरा विशेष स्नेह है, उनके साथ हर खुशियाँ बांटू यही मेरा प्रयास रहता है। सरोजनीनगर स्थित इस वृद्धाश्रम में करीब 150 वृद्धजन रहते हैं, आश्रम के मुख्य व्यवस्थापक के. वी. बाजपेई ने इन वृद्धजनों के लिए एक कॉमन रूम बनाए जाने की आवश्यकता से अवगत कराया था। वृद्धजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब एक विशाल मल्टी एक्टिविटी हाल का निर्माण करवाया जाएगा। इस मौके पर डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम, सरोजनीनगर से मेरा विशेष लगाव है। पितृ पक्ष के अवसर पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच पहुंचे डॉ. सिंह का मानना है कि वृद्धजनों की सेवा और उनके प्रति श्रद्धाभाव ही पितरों की सच्ची श्राद्ध है, मेरे लिए वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का आशीर्वाद अमूल्य है। इस दौरान वृद्धाश्रम के संस्थापक डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी, मुख्य व्यवस्थापक कीर्तिवर्धन बाजपेई, प्रबंधक शैलेंद्री देवी, व्यवस्थापक कुलदीप त्रिवेदी, ज़िला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं में बढ़ाया जोश

**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्पतिवार को भाजपा बूथ संख्या 540 के अंतर्गत डिप्टीगंज में आयोजित विशेष सदस्यता अभियान शिविर में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। इस दौरान डॉ. सिंह ने युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा से जुड़ने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा को फिर से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का संकल्प लिया।

## वनक्षेत्राधिकारी को लेकर ग्रामीणो ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मिर्जापुर।** वनक्षेत्राधिकारी के डमण्डगंज के द्वारा लगातार पेड़ को काटकर बेचा जा रहा है इसको लेकर हलिया विकास खण्ड के रघुनाथ सिंह ग्राम के ग्रामीणों ने गुरूवार को जिलाधिकारी को उनके आफिस आकर ज्ञापन सौपा और मांग किया इनकी जांच किसी उच्चाधिकारी से कराने के बाद उनको जेल भेजे जिससे हउरे पेड़ो के कटान को रोका जा सके जहां एक तरफ वन विभाग के द्वारा पेड़ो को लगाने का कार्य किया जा रहा है वही विभाग के वनदरोगा द्वारा हरे पेड़ो को काटकर बेचने का कार्य किया जा रहा है जो एक सोचनीय प्रश्न है।

## क्षमता बढ़ाने की घोषणा

कानपुर। अपनी नेटवर्क क्षमता और कवरेज बढ़ाने के प्रयासों को जारी रखते हुए जाने.माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में क्षमता और कवरेज बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के सभी ज़िलों में 7900 से अधिक साईट्स पर अतिरिक्त 900मेगाहर्ट्ज और 2100मेगाहर्ट्ज स्पैक्ट्रम की तैनाती की है। ये अपग्रेड विभिन्न शहरों और नगरों जैसे लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा, देहरादूनए मेरठए बरेली में बेहतर इंडोर कवरेज और तेज़ डेटा स्पीड के द्वारा वी के उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। प्रवीर कुमार ऑपरेशन्स डायरेक्टर वोडाफोन आइडिया ने कहा, समग्र अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# पं. दीनदयाल का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता से रहा ओत-प्रोतः प्रो सिंह

### मुक्त विश्वविद्यालय चल रहा है दीनदयाल उपाध्याय के रास्तों परत्र कुलपति



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं सामाजिक समरसता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो हरेश प्रताप सिंह सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता से ओत प्रोत था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के सबसे निचले तबके को शिक्षा स्वास्थ्य सेवा और स्वावलंबन के माध्यम से उठाने का प्रयास करते रहे। उनके समूचे व्यक्तित्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की झलक परिलक्षित होती है। उन्होंने संवेदना को निचले स्तर पर जाकर देखा। प्रो सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए व्यक्तिगत स्वार्थों की तिलांजलि देनी पड़ती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि कार्य एवं व्यवहार के द्वारा ही समाज में परिवर्तन होता है। वह अंत्योदय पर बहुत बल देते थे। वंचित वर्गों की पढ़ाई और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उनके मन में नए विचार हमेशा उत्पन्न होते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश हित में किये जा रहे कार्य दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित हैं। जिन्हें अमल में लाकर देश विश्व में प्रगति के सोपान पर अग्रसर है। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि आज मुक्त विश्वविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते पर चलकर शिक्षार्थी के द्वार तक शिक्षा पहुंचने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज अधिक से अधिक लोगों को दीनदयाल उपाध्याय जी के बारे में पढ़ना चाहिए। जिससे सामाजिक समरसता की व्यापकता का पता चलेगा तथा सामाजिक संबंधों के नए आयाम खुलेंगे। कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर और प्रेमचंद की रचनाओं में भी दीनदयाल के भाव मिलते हैं। इसी तरह वह राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन और दीनदयाल उपाध्याय को उनके विचारों से करीब पाते हैं क्योंकि जो भी जन को समर्पित होगा उसकी कोई भी चीज एक दूसरे में समाहित हो जाएगी। पंडित दीनदयाल भेदभाव से बहुत दुखी होते थे। उन्होंने रविंद्र नाथ टैगोर के उपन्यास गोरा का जिक्र करते हुए उसे पढ़ने की सलाह दी। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक एवं संयोजक प्रो संजय कुमार सिंह ने किया तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगोष्ठी का समन्वय आयोजन सचिव डॉ दिनेश सिंह उप निदेशक पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ ने संचालन डॉ बाल गोविंद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

## डीएम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार चिल्ड्रन पार्क के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया



अम्बेडकर नगर । जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा न्याय पथ पर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा के पास विकसित किए जा रहे 'ष्पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहारष' के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सिविल लाइन क्षेत्र व उसके आस पास के निवासियों हेतु अब तक कोई भी चिल्ड्रेन पार्क उपलब्ध नहीं था इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री के प्रेरणा से पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार का निर्माण किया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरण में है। इसके निर्माण हो जाने से यहां के नन्हे मुन्हें बच्चों को खेलने का एक अच्छा पार्क उपलब्ध होगा। इसी के साथ ही इस छायादार बालदृबिहार में सिविल लाइन व उसके आसदृपास के आसपास के निवासियोंए वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं को भी योगा एवं प्राणायाम की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि बाल बिहार में बच्चों के खेलने हेतु स्पाइरल स्लाइडए फाइबर स्लाइडए स्टैंडिंग प्लेटफार्म झूलाए जाइंट स्विंगए सीदृसा आदि सहित बेंच एवम् विभिन्न बहुउद्देशीय एवम् आकर्षक खेल उपकरणों को लगाया जा चुका है।

## कविता पाठ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत राजभाषा अनुभाग द्वारा कर्मचारियों हेतु कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में किया गया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में कर्मचारियों नें उत्साह एवं उमंग से साथ भाग लिया। प्रतियोगिता हेतु डीपीएस स्कूल के शिक्षक राहुल द्विवेदी एवं शासकीय स्कूल विंध्यनगर के शिक्षक राजीव कुमार शर्मा, निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी कर्मचारियों ने अपनी अपनी कविता सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया। तत्पश्चात निर्णायकों द्वारा सभी प्रतिभागीयों द्वारा सुनाये गए कविता को सुनकर दिये गए तर्कों का मूल्यांकन विषय वस्तु, तर्कशक्ति एवं प्रस्तुति के आधार पर विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर उप प्रबन्धक नैगम संचार एवं राजभाषा प्रभारी शंकर सुब्रमणियम एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

## झोले में रखी मिली नवजात



भीटी अंबेडकरनगर। थाना क्षेत्र महरुआ के अंतर्गत नारायनपुर घाट के पास राजीव सिंह उर्फमंटू सिंह की दुकान के सामने पूरब तरफ ध्रुव सिंह उर्फपुंटी सिंह का खेत महरुआ से गोसाईगंज मार्ग के किनारे स्थित है। वहीं पर सड़क के किनारे खंती में एक दूधमुंही शिशु ;बच्चीद्ध को झोले में डालकर रखा गया था। कुछ राहगीरो की नजर उस झोले पर पड़ गई और ग्राम दरबपुर के ग्रामीणों को बताया। ग्रामीणों ध्राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। भीटी थाना प्रभारी महरुआ दिनेश कुमार सिंह मयफोर्स सहित नारायनपुर नदी घाट पर पहुंच कर शिशु को अपने कब्जे में ले लिया और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य विभाग ले गई। बच्चीध् शिशु बिल्कुल ठीक है। लग रहा है बच्ची की आज की पैदा हुई है। नाल समेत निर्दयी अज्ञात मां ने झोले में डालकर नारायनपुर नदी के पास उक्त स्थान पर झोले में रख दिया था।

## अपर जनपद न्यायाधीश ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण



**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र यादव ने अवगत कराया है की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रचलित विधिक सहायता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं किशोरों की सामान्य दशा के निरीक्षण हेतु जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र विक्रम सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के आदेशानुसार गुरुवार को अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र यादव द्वारा राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह मीरजापुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त केयर टेकर रमाकान्त मिश्रा भी उपस्थित थे। राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह मीरजापुर में कुल 58 किशोर आवासित है, जिसमें जनपद सोनभद्र के 16 विधि के विरूद्ध बालक आवासित है। उक्त सभी बालकों से उनके मामले एवं समस्याओं के बारे में पूछताछ किया गया। उक्त सभी द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हे राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मीरजापुर में किसी प्रकार की कोई असुविधा नही है। स्वास्थ्य ठीक है तथा खाने पीने का सामान निर्धारित मीनू के अनुसार प्राप्त होता है। सभी बालकों को किशोर न्याय अधिनियम बाल अधिकार से सम्बन्धित अन्य विधिक प्रावधान शिक्षा का अधिकार लैंगिक अपराधों से सम्बन्धित विधिक अधिनियमों से अवगत कराया गया। सम्प्रेक्षण गृह मीरजापुर के प्रभारी अधीक्षक लल्लन प्रसाद को निर्देशित किया गया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह की सफाई आदि की व्यवस्था प्रतिदिन कराना सुनिश्चित करें तथा किशोरों के भोजन आदि की व्यवस्था उनके पढ़ाई चिकित्सा खेलने व मनोरंजन आदि का प्रबन्ध नियमानुसार सुचारू रूप से करना सुनिश्चित करें।

## हत्या के आरोपी करोड़पति यादव को पुलिस नें किया गिरफ्तार



**सोनभद्र।** चचरे भाई की पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या करने के आरोपी करोड़पति यादव को पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। 25 सितम्बर को रविशंकर यादव पुत्र रामप्यारे यादव निवासी कुलडोमरी टोला बैरपान थाना अनपरा द्वारा थाना अनपरा पर आकर तहरीर दिया गया कि उसके चचरे भाई द्वारा उसकी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला करके उसकी हत्या कर दी गयी है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना अनपरा पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गये थें। 25 सितम्बर को अनपरा प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय उ0नि0 राजेश कुमार सिंह सचितानन्द दास का0 अजय कुमार वर्मा व प्रवेश सिंह द्वारा अभियुक्त करोड़पति यादव पुत्र रामअधार यादव निवासी कुलडोमरी टोला बैरपान थाना अनपरा उम्र 38 वर्ष को उसके घर से कुलहाड़ी के साथ गिरफ्तार करनें के साथ ही विधिक कार्यवाही करते हुए रिमांड हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

## त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व उप जिलाधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से जनपद मुख्यालय स्थित थाना रॉबर्ट्सगंज पर आगामी त्योहार नवरात्रि दुर्गा पूजा व दशहरा रामलीला, भरत मिलाप आदि त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों के साथ शान्ति समिति पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उपरोक्त त्योहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि पंडालों पर विशेष ध्यान दिया जाए किसी भी तरह से अराजकता का महौल न होने पाये तथा अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियो को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी डॉ0 चारू द्विवेदी प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूनिकोड में कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण

### राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित



**प्रयागराज।** हिंदी दिवस के मौके पर उत्तर मध्य रेलवे मुख?यालय में 13 सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के तहत आज गुरुवार को हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कर्मचारियों को राजभाषा से संबंधित संवैधानि?क प्रावधानों राजभाषा अधिनियम राजभाषा नियम प्रोत?साहन योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कंप?यूटर पर हिंदी में कार्य करने में सहायक ई टूल?स तथा उनके प्रयोग और कंप?यूटर पर यूनिकोड में कार्य करने का व?यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। मुख?य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख?य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन?द्र कुमार ने मां सरस?वती के चित्र पर माल?यार्पण तथा दीप प्रज?ज?वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सतेन?द्र कुमार ने कहा कि अपनी मातृभाषा राजभाषा एवं राष?ट्र भाषा के उत?थान और गौरव के लिए हम सबको सदैव ही सचेत और प्रयासरत रहना चाहिए। शासकीय कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को बढ़ावा देने और उसे पूरी तरह से लागू करने के लिए संविधान राजभाषा अधिनियम राजभाषा नियम आदि में जो निर्देश दिए गए हैं तथा समय समय पर इस संबंध में जो आदेश जारी किए जाते हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन हम सबका संवैधानिक दायित?व है। इसके लिए हमें अपने कार्यों में सरल सहज और सुबोध हिंदी को प्रयोग में लाना चाहिए। सतेन?द्र कुमार ने कहा कि अब सभी सरकारी कार्य ई आफिस पर किए जा रहे हैं। इस दृष्टि से कंप्यूटर पर हिंदी में कामकाज के लिए हिंदी टाइपिंग और टूल्स की समुचित जानकारी होनी चाहिए। कंप?यूटरों पर विभिन?न सुविधाजनक हिंदी फांट तथा कीबोर्ड पद्धति उपलब?ध हैं। लेकिन कंप?यूटरों पर कार्य करते समय यूनिकोड फांट का ही प्रयोग किया जाए। हिंदी कार्यशालाएं प्रकारांतर से हम सबको अपनी मातृभाषा से जोड़ती हैं। अपनी मातृभाषा अपनी राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक और उत?कृष?ट कार्यनिष?पादन संवैधानिक दायित?व के साथ साथ राष?ट्रीय कर्तव?य है। सभी से अपेक्षा है कि राजभाषा के प्रति अपने दायित?वों का पूरी निष?ठा के साथ निर्वहन करें तथा सरकार की राजभाषा नीति को सफल बनाने में निरंतर प्रयासरत रहे हैं। प्रधान कार्यालय की उप मुख?य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख?य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रियंका सिंह ने कहा कि हिंदी आज सरकारी कामकाज के साथ साथ मीडिया अर्थजगत कला आदि क्षेत्र में महत?वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रेलवे में अधिकाधिक कार्य हिंदी में ही किए जा रहे हैं और ऐसी हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन से कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यशाला में हरी कृष?ण तिवारी उप निदेशक राजभाषा आयकर विभाग मकरध?वज मौर्य वरिष?ठ अनुवाद अधिकारी आयकर विभाग चन?द्र भूषण पाण?डेय वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी तथा यथार्थ पाण?डेय वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी निर्माण ने कर्मचारियों को विभिन?न विषयों से संबंधित महत?वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में उत?तर मध?य रेलवे मुख?यालय के विभिन?न विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का संचालन चन?द्र भूषण पाण?डेय वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी तथा यथार्थ पाण?डेय वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी निर्माण ने किया।

## गोद लिए गए 101 टीबी मरीजों को पोषण पोटली



**मीरजापुर।** टीबी मुक्त बनाने हेतु सरकारी स्तर से प्रचार प्रसारए टीबी रोगी खोजी अभियान जैसे अनेकों संभव प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। अब इस टीबी मुक्त अभियान रुपी कार्य में कई संवेदनशील सम्मानित लोगए सामाजिक संस्थाएंए ट्रस्टए आदि भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना प्रारंभ कर दिए हैं।उक्त के तहत ही गुरुवार को इंटरनल ग्रेस ट्रस्ट द्वारा जनपद के सीटी ब्लाक सभागार में गोद लिए गए 101 टीबी मरीजों को पुनरू पोषण पोटली भेंट किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षयरोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा विगत मार्च 2024 से लगातार हर माह जनपद के टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट कर रही संस्था इटरनल ग्रेस ट्रस्ट के सराहनीय सहयोग की प्रसंशा करते हुए कहा कि समाज के सम्मानित जन ऐसे ही मरीजों के हित में यदि आगे आते रहे तो निश्चित रूप से माननीय प्रधानमंत्री जी के 2025 तक भारत देश को टीबी मुक्त बनाने के सपने को पूरा होते देखा जा सकता है।सतीश यादव द्वारा उपस्थित जनो को टीबी के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से दी जा रही विभिन्न सुविधाओं को विस्तार से बताते हुए लोगों से आग्रह किया कि आप सभी नियमित दवा का सेवन करते रहें जिससे कि आप सभी शिघ्र स्वस्थ होंए साथ ही यादव ने मरीजों को सुझाव भी दिया कि आप अन्य किसी भी व्यक्ति को यदि लक्षण प्रभावित पाते हैं तो उन्हें उनके नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने में मार्गदर्शक बनें एवं अपने इलाज के दौरान के साहसीय अनुभव से उन्हें भी साहस देने का सराहनीय कार्य करेंए जिससे कि हमारा समाज इस रोग से 2025 तक अवश्य मुक्त स्थिति में आ सके । उपरोक्त कार्यक्रम में ब्लाक के सहायक विकास अधिकारीए ग्राम प्रधान संतोष यादवए ओमप्रकाश के साथ.साथ ट्रस्ट के प्रबंधक विजय कुमार व संतोष कुमार के अलावा क्षय विभाग से पंकज सिंहए अवध बिहारी कुशवाहाए विनोदए मनभावनए नीरजए आकाशए अनुरागए धर्मेंद्र कुमार डीसी आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित



**अंबेडकर नगर।** इतिफातगंज स्थित आरएएनवीण् पब्लिक स्कूल परिसर निकट नगर पंचायत कार्यालय में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की शासकीय योजनाओं में दिव्यांगजनोंएपिछड़े वर्ग के अधिकाधिक समावेशन हेतुध्प्रचार.प्रसार शिविर एवं लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद सांसद राज्यसभाए द्वारा शादी अनुदान के 25, ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 20, और दिव्यांग पेंशन के 15 लाभार्थियों के प्रमाण पत्रएस्वीकृति पत्र वितरित किया गयाण् कार्यक्रम में डॉ0 हरिओम पाण्डेय जी मा0 सदस्य विधान परिषदए धर्मराज निषाद पूर्व मंत्री , श्याम सुंदर उर्फसाधू वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत ए विजय विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सहित अन्य अतिथि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं के स्टॉलएप्रदर्शनी का आयोजन किया गयाए जिससे दिव्यांगजनएपिछड़ा वर्ग के लोग अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें तथा योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयीण् सुश्री अनुपमा मौर्या उपनिदेशक दिव्यांगजनए तपस्वी लाल उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण अयोध्याणऔर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए जिला समाज कल्याण अधिकारीए डीपीओ अम्बेडकर नगर के साथ वरिष्ठ सहायक मनोज दुबे ए प्रदीप उपाध्याय अन्य उपस्थित रहे ण् कुल 10 विभागीय और सहयोगी प्रतिष्ठानों संस्थानों के स्टॉल प्रदर्शनी लगायी गयीण् कार्यक्रम में कुल लगभग 700 से 800 लोग लाभार्थियों सहित उपस्थित रहे ण।

## सोशल स्पोर्ट्स स्कूल स्थापित



**वाराणसी।** भारत में फुटबॉल के अभ्यास के माध्यम से युवाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में बहुराष्ट्रीय कंपनी रोडीज के अंतर्गत आने वाली वाराणसी औरंगाबाद एनएच.2 टोलवेज़ प्राइवेट लिमिटेड ने वाराणसी में सोशल स्पोर्ट्स स्कूलों की शुरुआत की है। यह पहल रियल मैड्रिड फाउंडेशन रियल मैड्रिड क्लब की शाखा जो कि वंचित बच्चों का समर्थन करने के लिए क्रिकेट आइकन कपिल देव द्वारा स्थापित किया गया है।इस पहल का उद्देश्य कक्षा दो से आठ तक के 200 से अधिक प्रथम पीढ़ी के विद्यार्थियों को सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का प्रशिक्षण देना हैए तथा उन्हें चुनौतियों का सामना करने तथा अपनी पूर्ण क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करना है। यह कार्यक्रम लड़के और लड़कियों दोनों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित करेगा। पहले चरण में यह कार्यक्रम दो विद्यालयों . प्राथमिक विद्यालय डफी और वाराणसी के कम्पोजिट विद्यालय नवीन में शुरू किया गया है।

## औघड़ संत भूषण राम कफनिया सरकार का मनाया गया जन्मोत्सव



सकलडीहाध्चन्दौली ।बुधवार को ग्रामसभा में खड़ेहरा में अघोरपीठ अवधूत आश्रम में परमपूज्य संत भूषण राम ; कफनियां बाबा द्ध का 89वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया हैं ।पूरे दिन श्रद्धालु गढ़ बाबा के दर्शन पूजन करते आते रहे व प्रसाद गहण करते रहें । वहीं विशेष अतिथि के रूप में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव साथ में सपा जिलाधयक्ष सत्यनारायण राजभर एव सकलडीहा ब्लाक प्रमुख अवधेश सिंह एजिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह एसाथही पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिदास यादव इत्यादि लोग जन्मोत्सव में शामिल होकर बाबा का आशिर्वाद लिया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दिनबन्धु राजभर ने किया । संयोजक प्रीतेश सिंह ने बताया कि बाबा का जन्मोत्सव हर वर्ष की भांति मनाया गया ए लेकिन इस वर्ष बाबा की उपस्थिति में कार्यक्रम को चारचांद लगा दिया । श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या बाबा से आशिर्वाद लेने आ रहें हैं ।वही ब्लाक प्रमुख अवधेष सिंह ने आश्रम में एक टीनशेड और सोलर लाईट देने की बात कहीं । शाम में बाबा ने श्रद्धालुओं को आशिर्वचन देते हुए कहां कि अपलोग सत्य की मार्ग चलिए मन की गलत भावनाओं को पूरा करने की न सोंचे । मन को शांत रखे ।धैर्य से अच्छे कार्य करते हुए स्वस्थ समाज बनाये । साथ ही कहां की आश्रम में असाध्य रोगों का उपचार आयुर्वेद दवा विधि से किया जाता हैं । हड्डी टुटने पर बहुत से लोगों का अपना पैर कटवाना पड़ता हैं लेकिन हमारे आयुर्वेद विधि से कई मरीजों

## मुकेश बने किकबॉक्सिंग सोसायटी चन्दौली के अध्यक्ष



मुग़लसराय। वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन की शाखा किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के द्वारा चंदौली किकबॉक्सिंग सोसायटी का अध्यक्ष मुकेश कुमार को बनाया गया है। मुकेश कुमार पिछले कुछ वर्षों में किकबॉक्सिंग के एक राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैंए और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कर चुके हैं। वही स्वाति जायसवाल को चंदौली कीकबॉक्सिंग सोसायटी का महासचिव नियुक्त किया गया है। सदस्य के रूप में कृष्णकांत यादव शारीरिक शिक्षक ;एस जी पब्लिक स्कूलद्धए अक्षय कुमारए राकेश कुमार ए श्रीनारायण शर्माए किशन कुमार मोदनवाल ;कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल चंदौलीद्धए प्रतिभा सिंह को नामित किया गया है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया



वाराणसी।श्री शिव प्रसाद गुप्ता मंडली जिला चिकित्सालय वाराणसी के सभागार में ष्विश्व फार्मासिस्ट दिवसष् मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुकेश कुमार अस्सिटेंट ड्रग कंट्रोलर एवं विशिष्ट अतिथि जुनाब अली ड्रग इंस्पेक्टरए विवेक सिंह ड्रग इंस्पेक्टर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष डॉण्शैलेंद्र सिंह एवं संचालन डॉण् जेण्केण् सिंह जी ने किया। अतिथियों को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर का स्वागत किया गया। सेवानिवृत हो रहे फार्मासिस्टों को काशी गौरव प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। समस्त विधाओं के फार्मासिस्टों को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार ने कहा कि दवाओ को बनाने से लेकर के और दवाओ को आसानी से मरीजों तक सुलभ कराने का कार्य फार्मासिस्ट ही करता है। वहीं डॉण् शैलेंद्र सिंह ने कहा कि जब कोरोना जैसी महामारी देश में हावी हुई थी तब हम फार्मासिस्टों का हम रोल था भारत ने स्वदेशी कोरोना वैक्सीन निर्माण कर अन्य देशों को बेचा जिससे अपने ही देश ही नहीं अन्य देशों में भी अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकी। इस मौके पर डाणअनिल रायए डाण् आरण्केण् सिंहए डाण्जे एस उपाध्यायए अरुण कुमारए जितेंद्र पटेलए राजू बाबू ए अभिजय श्रीवास्तवए जयप्रकाश बेनबंसीए अनिल कुमार सिंह सहित समस्त विधाओं के फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा बुधवार को शासकीय स्कूल बनौली एवं एनएच 3 शॉपिंग सेंटर में स्वच्छता अभियान के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था ताकि वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं अपने गाँव घर मोहल्ले शहर व देश को साफस्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया। सीएसआर द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। लोगों द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के सौजन्य से आयोजित स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छता विषय पर किए गए नाटक मंचन को काफी सराहा गया। इस अवसर पर कार्यपालक निखिल जायसवाल एवं उनकी सीएसआर टीम उपस्थित रही।

# चुनाव ड्यूटी पर आते वक्त दुर्घटना में मृतक लेखपाल के परिवार को मिली अनुग्रह राशि

● डीएम ने परिवार को प्रदान किया अनुग्रह धनराशि का प्रतीकात्मक चेक



**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 में चुनाव ड्यूटी पर आते वक्त सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले लेखपाल कैलाश सिंह यादव के परिवारो को गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में 15 लाख की आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद प्रति व डेमोचेक ससम्मान प्रदान की। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि कैलाश सिंह यादव, तहसील मितौली में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे, यह 143 कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में वोटरलिस्ट के पुनरीक्षण में निर्वाचन सुपरवाइजर थे। इनकी ड्यूटी 29 धौरहरा लोकसभा, 143.कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में मतदानकर्मियों को ईवीएम/ स्टेशनरी वितरण व मतदान पश्चात् 13 मई 2024 को ईवीएम व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख जमा करने में लगी थी, उसी दिन सायंकाल राजापुर मण्डी 29. धौरहरा लोकसभा, 143. कस्ता विधान सभा के स्ट्रांग रूम ईवीएम व अन्य स्टेशनरी जमा करने के लिए ड्यूटी पर आते समय रास्ते में कस्ता लखीमपुर मार्ग पर शिवाला तिराहे के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण ट्रामा सेन्टर ओयल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कैलाश सिंह यादव, लेखपाल को मृत घोषित कर दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र द्वारा प्रदान की निर्धारित अनुग्रह राशि रूपये पन्द्रह लाख मृतक लेखपाल के वैध आश्रितों पत्नी रेखा, पुत्री कर्णिका यादव, पुत्र हर्ष यादव से संबंधित संयुक्त नामों से संचालित बैंक खाता में ई.कुबेर के जरिए भुगतान करते हुये भुगतान से संबंधित आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद की प्रति और डेमो चेक/डीईओ डीएम ने परिवार को आमंत्रित करते हुये सम्मान प्रदान की।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 की अध्यक्षता में निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो कार्य पूर्ण कर लिये गये हैंए उन्हें शीघ्र सम्बन्धित विभागों को हस्तानान्तरित कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएए अधिकारी अपने विभागों के अंतर्गत चल रहें निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करेंए यदि कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं अथवा गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं करा रहेए तो उसके संबंध में अवगत कराएं। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते कहा कि कार्यदायी संस्थाएं अपने कार्यों में तेजी लाएंए निर्माण कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण करेंए करायें जा रहे कार्यो की भौतिक प्रगति पोर्टल पर फीड करेंए जो निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैंए उन्हें शीघ्र पूर्ण करए संबंधित विभाग को हस्तानांतरित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी।



● सभी कार्यदायी संस्थाएं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समयान्तर्गत निर्माण कार्यों को करें पूराः सीडीओ

# गंगा जलस्तर घटा, घर वापस चले किसान राहत शिविर में उखड़े टेंट, पसरा सन्नाटा



**चौडगरा ( फतेहपुर )।** मलवा विकास खंड के अभयपुर ग्राम सभा के गंगा कटरी ( दो-आबा) क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने के कारण प्रशासन के द्वारा महुआ घाट दरियापुर में राहत शिविर बनाया गया था और खागल बाबा राहत शिविर डोमनपुर में बनाया गया था। खागल बाबा राहत शिविर डोमनपुर में बेरीनारी व रामघाट से 30 परिवारों ने राहत शिविर में शरण ली थी। महुआ घाट में लगभग 90 परिवार राहत शिविर में शरण लिए हुए थे। गंगा का जल स्तर घटने से गांव में घुसा पानी वापस हो गया है। जिसके कारण दोनों शिविरों में जीवन यापन कर रहे किसान अपने अपने घरों को जाने लगे हैं। गलाथा ग्राम प्रधान रघुवंश यादव ने बताया कि खागल बाबा राहत शिविर में लगभग 30 परिवारों ने शरण ली थी, जो अपने-अपने घरों के लिए वापस चले गए हैं। महुआ घाट राहत शिविर से लगभग 55 परिवार अपने-अपने घरों को वापस चले गए हैं बाकी के लोग जाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

अभयपुर ग्राम प्रधान रामदास निषाद ने बताया की गंगा का जल स्तर कम होने के कारण अधिकतर परिवार अपने-अपने घर वापस जा रहे हैं। वही खेतों से पानी सिमटने पर जल भराव के कारण नष्ट हुई फसले दिखाई पड़ने लगी हैं। फसलों में प्रमुख रूप से धान, बाजरा, मिर्च, लोबिया, भिन्डी, तरोई, लौकी, कद्दू, धनिया, फूलगोभी, करेला, कुंदरु, परवल आदि नष्ट हो गई हैं। बाढ़ राहत शिविर में आज सन्नाटा पसरा रहा, लगाए गए टेंट, कुर्सी, मेंज हटा दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज की टीम शिविर में अस्वस्थ लोगों का परीक्षण करके दवा वितरित करते रहे। डॉ. जैदान ने बताया कि गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, वायरल फीवर एवं सर्दी जुखाम जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। उन्होंने मरीजों को साफ-स्वच्छ जगह में रहने की सलाह दी-। राहत शिविर में रह रहे कुल 41 अस्वस्थ किसानों को देखा गया, जिसमें 08 मरीजों का मलेरिया परीक्षण किया गया जो निगेटिव पाये गए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। पशुधन प्रसार अधिकारी सुष्मिता यादव ने बाढ़ प्रभावित किसानों से कहा कि अपने-अपने पशुओं को साफ स्वच्छ जगह में पशुओं को रखें।

# जिला जज समेत डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी रविंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने संयुक्त रूप से गुरूवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। महिला, पुरुष बैरक, चिकित्सालय, पाकशाला (रसोईघर), प्रशिक्षण केन्द्र (पाठशाला) आदि का निरीक्षण किया। महिला व पुरुष बैरक में निरुद्ध बंदियों से समस्या के बारे में पूंछा। बंदियों ने बताया कि कोई समस्या नहीं है। अस्पताल के वार्ड में भर्ती बंदियों से बीमारी व ईलाज के बारे में जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि समय से दवाई व जांच की जाती है। उन्होंने दवा स्टोर में उपलब्ध दवाओं की वैधता की जांच की। जो वैध पाई गयी और साफ सफाई व्यवस्था भी ठीक पाई गई। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही पायी गयी। बंदियों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। जिसकी गुणवत्ता को देखा, जो ठीक पाया गया। पाठशाला में निरुद्ध निरक्षर महिला बंदियों की साक्षरता की जानकारी की। शिक्षिका ने बताया कि निरक्षर महिला बंदियों को साक्षर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर, उपजेलर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## छत से गिरने पर युवक की पांच दिनों बाद हुई मृत्यु

**राठ( हमीरपुर )।** मझगवां थाने के गौहानी गांव में पांच दिन पहले छत से गिरकर घायल युवक की मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गाव के हेमराज ने बताया कि 46 वर्षीय पिता राजेश गुरुवार को छत से गिरकर घायल हो गए थे। घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया था। इलाज के बाद घर लेकर आए। मंगलवार को युवक की हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए।जहां डॉ अखिलेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

# सहकारी समिति पर दर्जनों किसानों को वितरित की खादें



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित क्रय विक्रय केंद्र एवं दक्षिणी सहकारी समिति पर अध्यक्ष एवं क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष की मौजूदगी में दर्जनों किसानों को एक सैकड़ा से अधिक एनपीके व डीएपी खाद की बोरियां वितरित की गई। जबकि डीएपी यूरिया किसानों को चेक द्वारा वितरित कराई गई। गुरूवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित दक्षिणी सहकारी समिति एवं क्रय विक्रय समिति विक्रय केंद्र पर दो ट्रक खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भीड़ समिति पर एकत्र हो गई। और आलू की फसल करीब होनें के कारण खाद बंटने पर किसानों की खासा भीड दिखाई दी। इस दौरान समिति पर पहुंचे क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने किसानों को संयम बरतने की अपील और 72 बोरी एनपीके खाद वितरित कराई। वहीं दक्षिणी सहकारी समिति में अध्यक्ष निर्मल चुतर्वेदी की मौजूदगी में 56 बोरी डीएपी खाद किसानों को चेक द्वारा वितरित कराई गई।

# सूरत में मजदूरी करने गए हमीरपुर के युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**हमीरपुर।** मजदूरी करने सूरत गए एक मजदूर को हमीरपुर के ही कुछ लोगों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। सूरत पुलिस ने हत्या के मामले में एक दंपती को गिरफ्तार भी कर लिया है। मंगलवार की देर रात मृतक का शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सदर कोतवाली के चूरामन डेरा मुहल्ला निवासी नेवेंद्र कुमार ने बताया कि करीब 25 दिन पहले उसका 24 वर्षीय भाई शीलू कुमार पुत्र लल्लू निषाद सूरत मजदूरी करने गया था। रविवार को उसे तीन चौकड़ी थाना प्रभारी का फोन आया कि उसके भाई की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इस घटना से बाद से पूरे परिवार में अफरा तफरी मच गई। नेवेंद्र ने बताया कि शीलू सूरत में रहकर मजदूरी करता था। वह कपड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में टीएफओ लाइन में काम करता था। बीते 25 दिन पूर्व वह घर से अकेला गया था। मृतक के भाई का आरोप है कि हमीरपुर के ही कुछ और लोग भी वहीं रहकर मजदूरी करते थे। जिन्होंने उसकी हत्या की है। इस घटना से परिजन बेहाल हैं। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का और अविवाहित था। वह सूरत की तीन चौकड़ी एरिया में किराए पर रहता था। मंगलवार की देर रात शव हमीरपुर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां का रो रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### घर की सफाई करते समय करेंट की चपेट में आने से 9 माह की गर्भवती महिला की मौत

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम चंद्र पुरवा में बुधवार को घर में झाड़ू लगाते समय 9 माह की गर्भवती महिला कूलर में बह रहे करेंट की चपेट में आने बेहोश होकर गिर पड़ी, आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव के शमद खान ने बताया कि उसकी पत्नी शमीना (26) बुधवार को सुवह घर में झाड़ू लगा रही थी रही थी, उसी समय कूलर छू गया तो वह करंट की चपेट में आ जाने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी, यह देख घर में अफरा तफरी मच गई, आनन फानन में उसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर ले जाया गया गया जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा शमीना को मृत घोषित कर दिया गया, डॉक्टर के अनुसार शमीना 09 माह से गर्भवती भी थी। पति ने बताया कि 30 जून तक डिलेवरी होनी थी, पांच वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी, मां के गर्भ में पल रहा यह उसकी पहली संतान थी मां के साथ उसका भी अंत हो गया है, घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंची थाना सुमेरपुर की पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों को शव गांव ले जाने से रोक दिया था यह कहकर कि मायके पक्ष के आने पर ही पोस्टमार्टम का फैसला किया जायेगा, तभी अंतिम संस्कार कराया जाएगा समाचार लिखे जाने तक पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।

### लोहे का पाइप तार में छू जाने से करंट से बाबा व नाती झुलसे

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के टोला रावत गांव में छप्पर डालते समय ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे का पाइप छू जाने से वृद्ध करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथ ही सीढ़ी पकड़ कर खड़ा नाती भी झुलस गया। गांव के बृजभान सीढ़ी लगाकर घर का छप्पर ठीक कर रहा था। तभी छप्पर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे का पाइप टच होने से वह करंट की चपेट में आ गया। साथ ही सीढ़ी पकड़े 8 वर्षीय नाती रितेश पुत्र बासुदेव भी झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि वृद्ध का पेट जला है। व बालक के हाथ पैर मामूली रूप से झुलसे है। जिनका इलाज कर दिया गया है। अमगांव निवासी 55 वर्षीय तुलसा रानी पत्नी टुटिया पंखे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आ गई।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के करगवां निवासी दीपक जगभान ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### घरेलू कलह में महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के भुरचुनी गांव निवासी मनोज की पत्नी पवन कुमारी कई दिनों से मानसिक तनाव में थी। बुधवार की शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी जब घर वालों को हुई तो तत्काल उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां हालत खराब होने पर उसे प्रयागराज स्वरूपरानी हास्पिटल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अज्ञात वृद्ध के शव की हुई शिनाख्त

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवां गांव में दो दिन पूर्व रोड किनारे से पुलिस ने 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा था जिसकी शिनाख्त चचेरे भाई मान सिंह ने छत्ता पुत्र स्व. देवी निवासी सिविल लाइन सदर कोतवाली के रूप में करते हुए जगह-जगह डेरा डालकर कारोबार करते हैं। उसका भाई शराब पीने का आदी था और अक्सर घर से कई-कई महीने के लिए निकल जाता था। पोस्टमार्टम आकर शव की शिनाख्त की है।

### त्योहारों पर तय मानक के अनुसार ही बजाया जाए डीजेः एसडीएम

**खागा (फतेहपुर)।** खागा कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह की ओर से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अजय कुमार पांडेय ने की। क्षेत्राधिकारी खागा ब्रजमोहन राय ने भी शिरकत की। बैठक में आगामी पर्व नवरात्रि दुर्गा पूजा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई नई परम्परा का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रशासन से जारी निर्देशों के अंतर्गत ही दुर्गा पंडाल सजाकर मूर्ति स्थापित की जाए। जिन स्थानों में जो समस्या आ रहीं हों, तत्काल अवगत कराएं। साफसफाई या रास्ते की दिक्कतों को नियमनुसार लिखित रूप से अवगत कराएं। समस्या निस्तारण कराने में प्रधान भी सहयोग करें।

# समाज के सभी तबके को पुलिस के साथ अपनाना होगा सहयोगात्मक रवैयाः एसओ

**रूरा, कानपुर देहात।** नवॉगुतक थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने गुरूवार को थाने परिसर में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व सम्भ्रान्तजनों के साथ बैठक कर उनका परिचय जानते हुये पुलिस के साथ सहयोग की अपील की। बैठक में रूरा चैयरमैन रामजी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारी व नगर व क्षेत्र के सम्भ्रान्तजन मौजूद रहे। रूरा थाने के नवॉगुतक एसएचओ जेपी शर्मा का वुधवार की तरह गुरूवार को भी आम लोगों से बैठकों के साथ फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण काम जारी रहा। गुरूवार को नवॉगुतक थानाध्यक्ष ने थाने परिसर में जनप्रतिनिधियो, व्यापारियों व सम्भ्रान्तजनों के साथ बैठक की। बैठक में लोगों की शिकायतों व समस्याओं को सुनने के बाद थानाध्यक्ष ने पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की। वायुसेना से सेवानिवृत्त थानाध्यक्ष की सॅवाद की कार्यप्रणाली से समाज के सभी तबकों के लोग संतुष्ट नजर आ रहे है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत पत्नी व दो बच्चे गंभीर, झांसी रिफर

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)

**जरिया** थाने के कछवां कलां गांव के पास दो बच्चों के साथ मामा के घर से लौट रहे बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां तीनों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरिया थाने के करियारी गांव निवासी 25 वर्षीय घायल रेखा ने बताया कि जनपद महोबा के रैपुरा गांव निवासी मामा माखन के घर मंगलवार को गई थी। जहां पर हनुमान जी का प्रसाद चढ़ाया गया था। बुधवार को अपने 30 वर्षीय पति खेमचंद पुत्र हरिकृष्ण प्रजापति, 4 वर्षीय पुत्र गिरीश और 2 वर्षीय पुत्री वैष्णवी के साथ बाइक से घर लौट रही थी। लौटते समय शाम करीब 5 बजे जरिया थाने के कछवाकलां गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में खेमचंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी रेखा बुरी तरह घायल हो गई और पुत्र गिरीश का दाहिना हाथ शरीर से अलग हो गया। सिर पर गंभीर चोट आई हैं।सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रेखा और दोनों बच्चों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी कर अपनी पत्नी और बच्चों का पालन पोषण करता था। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि वाहन की जानकारी की जा रही है।

# एक माह बाद भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी धौरहरा पुलिस

**लखीमपुर खीरी धौरहरा।** थाना धौरहरा चौकी कफारा क्षेत्र मूंड़ी गांव में एक ही रात्रि में तीन अलग.अलग एक माह पूर्व हुए लाखों रुपए के नगदी व लाखो के जेवरात की चोरी के मामले में धौरहरा पुलिस अभी भी चोरी का खुलासा नही कर सकी। जिससे पीड़ितो मे पुलिस के रवैये पर सवाल उठ रहे है। मामले को पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया था। धौरहरा थाना अंतर्गत मूड़ी पोस्ट घुरुघुट्टा गांव निवासी पिंटू मिश्रा ने बीते 07ध्08ध्24 अगस्त को पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायती देते हुए कहा गया थाएकि बीते 30 जुलाई को मेरे घर में घुसे चोरो ने घर के अंदर रखे हजारों नकदी समेत लाखों के जेवरात चुरा ले गये। मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन लापरवाही के चलते आज तक चोरी का पर्दाफाश नहीं किया। अब चोरी को एक माह भी बीत चुका है लेकिन पुलिस मामले की खुलासा करने मे नाकाम साबित हो रही है।

# पालिका में पीएम सूर्य योजना का पंजीकरण कराने उमड़े लोग

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में पीएम सूर्य योजना पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभासदों की मौजूदगी में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पालिका पुहंचकर पंजीकरण कराया। गुरूवार को स्थानीय नगर पालिका में अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित के निर्देशन में आयोजित पीएम सूर्य योजना पंजीकरण कैम्प में कैंप कार्यालय नोडल वीर सिंह एवं प्रसन्न जीत मिश्रा द्वारा सात लोगों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता ने बताया कि पालिका में पंजीकरण का कार्य 26 सितंबर से 03 अक्टूबर तक होगा। सभासद प्रतिनिधि सिराज अहमद ने बताया कि पीएम सूर्य योजना के अंतर्गत एक से दस किलोवाट तक का पंजीकरण करवाकर सरकारी अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। सभासद निर्मल श्रीवास्तव ने बताया कि पंजीकरण करवाने के लिये आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल, मोबाइल फोन लाना अनिवार्य है। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि आजम सिददीकी, आजाद चक, सभासद सुरेन्द्र कुमार, परमजीत, चरणजीत, संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू, शहंशाह, भैयालाल दुवे आदि मौजूद रहे।



● आयोजित कैम्प में सभासदों ने योजना का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**बाँदा।** जिला कलेक्टर नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने मार्गवार हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए सड़क मार्ग में होने वाली दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों को संकलित किये जाने तथा ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण हेतु परिवहन विभाग द्वारा प्रर्वतन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को बॉदा तिन्दवारी फतेहपुर मार्ग में महोखर व तिन्दवारी में सड़क पर बडे गड्ढे होने पर सड़क की तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय के सामने बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के निर्देश दिये।



बैठक में एडीएम वि/रा0 राजेश कुमार

उन्होंने रोड सेफ्टी कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालयों, इण्टर कॉलेजों तथा प्राइमरी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किये जाने हेतु सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिये जाने एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में शहर एवं शहर के बाहर बिना हेलमेट का उपयोग कर वाहन चालाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ई रिक्शा संचालन में जाम को दृष्टिगत रखते हुए रूट तय करने तथा उनकी चेकिंग भी किये जाने के निर्देश दिये। कचेहरी चैराहे से बस स्टैण्ड की ओर लगने वाले जाम व जनपद के प्रमुख मार्गो पर चलने वाली प्राइवेट बसों में छत पर बैठकर यात्रा करने पर कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भारी वाहनों को प्रतिबन्धित समय में शहर में प्रवेश करने की चेकिंग कराये जाने के भी निर्देश देते हुए इसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने शहर के सभी प्र्रमुख चैराहों पर ट्रैफिक, कामिंग मेजर्स जंक्शन के रूप में चिन्हित करते हुए टैऊफिक की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवर स्पीड एवं बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने, रांग साइड संचालनए मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन संचालन करने वालों तथा बिन फिटनेस वाहनों का संचालन के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# डीएम के निर्देशन में जिला सैनिक बंधु की हुई बैठक, सुनी गई समस्याएं

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी उत्तम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमान्डर अंकित सक्सेना (अ.प्रा.) द्वारा सर्वप्रथम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एवं उपस्थित अधिकारीध्पूर्व सैनिक का स्वगत, अभिनन्दन किया गया। बैठक में सैनिक बन्धु की गत बैठक मैं लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। सैनिक बंधुओ के प्रार्थना पत्र, जमीनी विवादए शस्त्र लाइसेन्स एवं अन्य समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए। बैठक में केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी द्वारा युद्ध शहीद लांस नायक उदय नारायण कुशवाहा नगर पालिका पुखरायां के ग्राम अहरौली शेख में शहीद स्मारक के निर्माण कराए जाने की कार्यवाही में तेजी लाने की मांग की गई। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व सैनिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया गया कि आप लोगों की समस्या एवं वेलफेयर से सम्बन्धित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के साथ सम्बन्धित अधिकारीगणए भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिकों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।



# मण्डलीय विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**बाँदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण करते हुए तथा शिकायतकर्ता से संम्पर्क करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने राशन कार्डों के ई.केवाईसी जो अवशेष रह गये हैंए उनका अभियान चलाकर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक्सप्रेस वे के किनारे एवं सड़कों के किनारे गॉवों में कोई भी गौवंश विचरण करते हुए नही मिले, इसके लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया।मण्डल के सभी जिला अस्पतालों में जहां पर मरीजों की भीड अधिक रहती है वहां पर एक.एक अलग काउन्टर पर्चा बनवाने एवं दवा वितरण करने हेतु खोले जाने के निर्देश दिये। मण्डलीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों को ई.ऑफिस किये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करते हुए पूर्ण करें।



प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत रजिस्टेऊशन बढायें तथा योजना में जनपद बॉदा एवं हमीरपुर में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। किसान सम्मान निधि योजना में जिन किसानों की ई.केवाईसी किया जाना शेष रह गया हैए उसको पन्द्रह दिनों में पूरा कराये जाने के निर्देश दिये। सोलर लाइटों के जलने की चेकिंग कराये जाने तथा विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि के अनुसार किये जाने हेतु जनपद बॉदा में सुधार किये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गरीब लोगों के मकान कच्चे व खराब स्थिति में हैंए ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाया जाए। आयुक्त ने सड़क तथा सेतुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नई सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर अक्टूबर माह में पूर्ण कराया जाए।

# हिमाचल में भी योगी मॉडल लागू किया जाना अच्छी बात है : चिराग



प्रयागराज। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश में खानपान की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मॉडल को हिमाचल प्रदेश में भी अपनाए जाने का बृहस्पतिवार को स्वागत किया। कौशांबी में पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रयागराज हवाई अड्डे पर उतरे पासवान ने हिमाचल प्रदेश में भी दुकानों पर नेम प्लेट लगाने संबंधी सवाल पर संवाददाताओं से कहा, यह अच्छी बात है कि वे लोग (विपक्षी) भी हमारे मॉडल को लागू करें। उन्होंने कहा, अगर विपक्ष को लगता है कि हमारे निर्णय सही है और वे इसे लागू करना चाहते हैं तो इसका मैं स्वागत करता हूं। इस निर्णय को कड़ाई से लागू कराने के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दूंगा क्योंकि यह न केवल गुणवत्ता से जुड़ा है, बल्कि स्वच्छता और लोगों के विश्वास से भी जुड़ा है। भाजपा सांसद कंगना रनौत के हालिया विवादित बयान पर पासवान ने कहा, मैं मानता हूं कि आपकी अपनी सोच हो सकती है, लेकिन जब आप एक राजनीतिक दल के साथ जुड़ते है तो उस दल की बातों को सामने रखना आपकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा, अभी वह (कंगना) नई-नई राजनीति में आई है और उन्हें चीजों को समझने में थोड़ा समय लग रहा है। वह जल्द इन बातों को समझेंगी...व्यक्तिगत राय और पार्टी की राय अलग अलग है, तो आपके लिए प्राथमिकता पार्टी की राय की होती है। पार्टी की सोच के साथ चलना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी होती है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा था, किसान भारत की प्रगति के शक्तिस्तंभ हैं। केवल चंद राज्यों में ही उन्होंने कृषि कानूनों का विरोध किया। मैं हाथ जोड़कर अपील करती हूं कि किसानों के हित में इन कृषि कानूनों को वापस लाया जाए। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद रनौत ने 2021 में निरस्त किए गए कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग संबंधी अपना बयान बुधवार को वापस ले लिया और कहा कि ए उनके निजी विचार हैं और पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

## मथुरा के मंदिरों में बाजार की मिठाइयों के बजाय फल, पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद चढ़ाने का निर्णय

मथुरा। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में आयोजित विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि तिरुपति बालाजी मंदिर की घटना के बाद देशभर के मंदिरों में प्रसाद व्यवस्था में बड़े बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीमागवत मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। गौड़ ने बताया कि धर्माचार्यों एवं धार्मिक संगठनों ने बाजार में बनने वाले प्रसाद के स्थान पर हिंदू आस्था के अनुसार प्रसाद चढ़ाने और ग्रहण करने की सनातनी व्यवस्था अपनाने का फैसला किया है।

## ऑस्ट्रेलिया हर साल 1,000 भारतीयों को देगा कामकाजी अवकाश वीजा

नई दिल्ली। भारत-ऑस्ट्रेलिया अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते में जताई गई प्रतिबद्धता के तहत ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से भारतीय नागरिकों को हर साल 1,000 कामकाजी एवं अवकाश वीजा देना शुरू करेगा। हाल ही मे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस कदम से आवागमन में सुविधा होगी और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ेगा। गोयल ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, यह जानकर खुशी हुई कि भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते में शामिल कामकाजी एवं अवकाश वीजा देने की प्रतिबद्धता एक अक्टूबर, 2024 से चालू हो जाएगी। यह आवागमन को आसान बनाएगा और लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (ईसीटीए) दिसंबर, 2022 में लागू हुआ था।

### मोदी ने तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए, कहा-

# प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए।वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही।उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा, विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ए भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा, एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।उन्होंने कहा, मिशन गगनयान की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और 2035 तक हमारे पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के पहले चरण को मंजूरी दी गई है।मोदी ने कहा, अनुसंधान से आत्मनिर्भरता हमारा मिशन है। प्रधानमंत्री पहले पुणे से इन परियोजनाओं का उद्घाटन करने वाले थे लेकिन महाराष्ट्र में भारी बारिश की वजह से उनका दौरा रद्द हो गया।प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं।

इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) और अन्य खगोलीय घटनाओं का पता लगाने के लिए सुपरकंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाएगा।दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर (आईयूएसी) पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार जिस एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का उद्घाटन किया उसे 850 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार किया गया है। पीएमओ के अनुसार, यह परियोजना मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भारत की कम्प्यूटेशनल क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है।पीएमओ ने कहा कि दो प्रमुख स्थलों- पुणे में भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) और नोएडा में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र में मौजूद इस एचपीसी प्रणाली में असाधारण कंप्यूटिंग शक्ति है।

# ब्रिटेन से लौटे न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव को सीएलपीए ने किया सम्मानित



प्रयागराज। ब्रिटिश संसद हाउस ऑफलॉर्ड्स लंदन इंग्लैंड को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करने के बाद प्रयागराज लौटने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। क्रिमिनल लॉ प्रैक्टिशनर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव का पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव को ब्रिटेन सरकार ने ट्रेलब्लेजर ऑफइंडिया पायनियरिंग द पाथ टू विकसित भारत 2047 विषय पर व्याख्यान देने के लिए 18 सितंबर को आमंत्रित किया था। इस मौके पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा ब्रिटिश संसद में दिए गए व्याख्यान को आमसभा में तमाम सदस्यों के बीच साझा भी किया गया। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने ब्रिटिश संसद में कहा था कि विदेशी ताकतों ने देश को कई बार लूटा लेकिन संस्कृति और आदर्श के कारण आज भी भारत मजबूती से न सिर्फखड़ा है अपितु आगे भी बढ़ा है। उन्होंने भगवान राम के आदर्श और श्रीकृष्ण के कर्मयोग संग गौतम बुद्ध गुरु नानक महावीर और महात्मा गांधी की भी चर्चा अपने व्याख्यान में की है। उन्होंने संसद में विश्व के पटल पर भारतीय न्याय प्रणाली और सांस्कृतिक मूल्यों को भी रेखांकित किया है। क्रिमिनल लॉ प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र कुमार चतुर्वेदी ने न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रिटिश संसद में न्यायमूर्ति द्वारा दिया गया व्याख्यान स्वागत योग्य है। सभा का संचालन सीएलपीए के महासचिव सुशील शुक्ला ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश सहाय पीयूष दुबे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल श्रीपत पंकज शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष तिवारी ए के शुक्ला के एन राहा राजेश श्रीवास्तव पूर्व महासचिव कमलेश कुमार द्विवेदी सत्य धीर सिंह जादौन पुलक गांगुली कामेश्वर सिंह आशुतोष तिवारी संयुक्त सचिव प्रशासन रमेश चंद्र पांडेय मनीष द्विवेदी समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शाकाहारी भोजन में कथित मांस मिलावट के विरोध के बाद ढाबे से खाद्य पदार्थ के नमूने एकत्र किए गए

कानपुर । बजरंग दल के सदस्यो द्वारा शाकाहारी व्यंजनो में मांसाहारी सामग्री मिलाए जाने का आरोप लगाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को यहां साकेत नगर में एक शाकाहारी ढाबे से खाद्य पदार्थ के तीन नमूने एकत्र किए गए। पुलिस के अनुसार, मामा भांजे नामक ढाबे के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू किया गया, जहां दावा किया गया था कि शाकाहारी बिरयानी और अन्य व्यंजनो में मांस की मिलावट होती है। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) मनोज कुमार पांडेय ने कहा, (नमूनो की) फोरेंसिक जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बजरंग दल के सदस्यो ने हंगामा करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने हस्तक्षेप किया और उनसे कानून को अपने हाथ मे न लेने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपो की तत्काल जांच की मांग की है। पांडेय ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के अधिकारी नमूनो के संग्रह मे शामिल थे, जिन्हे जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अगर फोरेंसिक जांच मे दावो की पुष्टि होती है तो कार्वाई की जाएगी। उसने बताया कि इस संबंध मे अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नही की गई है।

## मंदिर के पुजारियों की देखरेख में ही तैयार किया जाए प्रसाद : राम मंदिर के मुख्य पुजारी

अयोध्या। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सतएंद्र दास ने देशभर में बेचे जा रहे तेल और घी की शुद्धता पर सवाल उठाते हुए बृहस्पतिवार को इनकी जांच की मांग की और कहा कि देवताओ को चढ़ाया जाने वाला प्रसाद मंदिर के पुजारियो की देखरेख मे ही तैयार किया जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर मे दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी मे पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच दास का यह बयान आया है। तिरुपति मंदिर प्रसाद विवाद पर टिप्पणी करते हुए आचार्य सतएंद्र दास ने सभी प्रमुख मठो और मंदिरो मे बाहरी एजेंसियो द्वारा तैयार किए जाने वाले प्रसाद पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा, तिरुपति बालाजी के प्रसाद मे वसा और मांस के इस्तेमाल को लेकर विवाद पूरे देश में बढ़ रहा है। संत और भक्त दोनो ही इस पर गुस्सा जाहिर कर रहे है और जांच की मांग कर रहे है। देश के सभी मठो और मंदिरो से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि देवताओ को चढ़ाया जाने वाला प्रसाद मंदिर के पुजारियो की देखरेख मे ही तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने देशभर मे बिक रहे तेल और घी की शुद्धता की जांच की जरूरत दोहराई और आरोप लगाया कि प्रसाद मे मांस और चर्बी मिलाकर देश के मठो और मंदिरो को अपवित्र करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश चल रही है।

## पत्रकार ने उप्र में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया

नई दिल्ली।उत्तर प्रदेश मे सामान्य प्रशासन मे जाति विशेष की भागीदारी संबंधी रिपोर्ट के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए एक पत्रकार ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया जाना राज्य के कानून लागू करने वाले तंत्र का दुरुपयोग करके उसकी आवाज दबाने का स्पष्ट प्रयास है और आगे किसी भी तरह के उत्पीड़न को रोकने के लिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। पत्रकार अभिषेक उपाध्याय की याचिका मे दावा किया गया है कि जब उन्होंने यादव राज बनाम ठाकुर राज शीर्षक से स्टोरी की तो लखनऊ के हजरतगंज थाने मे उनके नाम प्राथमिकी दर्ज की गई। याचिका मे कहा गया है कि प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 353 (2) (सार्वजनिक शरारत के लिए बयान), 197 (1) (सी) (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक आरोप या कथन प्रकाशित करना), 356 (2) (मानहानि के लिए सजा) और 302 (जानबूझकर किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोलना) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज की गई। अधिवक्ता अनूप प्रकाश अवस्थी के माध्यम से दायर याचिका मे कहा गया है कि इस स्टोरी से, यहां तक कि इसके प्रथम दृष्टया मूल्यांकन से भी, किसी अपराध के होने का खुलासा नही होता है। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता ने इसलिए अदालत का रुख किया है क्योंकि उप्र पुलिस के आधिकारिक एक्स हैंडल द्वारा कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई और याचिकाकर्ता को यह जानकारी नही है कि उत्तर प्रदेश या कही और इस मुद्दे पर उसके खिलाफ कितनी अन्य प्राथमिकी दर्ज है।

## एटा में मकान की छत गिरने से पांच बच्चे घायल, दो की हालत गंभीर

एटा। एटा जिले के अवागढ़ क्षेत्र के रुद्रपुर गांव मे बृहस्पतिवार को एक मकान की छत गिरने से पांच बच्चे घायल हो गए, जिनमे से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, टोडी राम राजपूत के मकान की छत शाम करीब साढ़े पांच बजे उस समय गिर गई, जब बच्चे उस पर खेल रहे थे। पुलिस के मुताबिक, छत गिरने से विष्णु (12), विकास (10), नितेश (8), नीरज (13) और पंकज (10) मलबे मे फंस गए। उसने बताया कि छत गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फंसे बच्चो को निकालने के लिए मलबा हटाया। उन्हे तुरंत अवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरो ने नितेश और पंकज को गंभीर हालत के कारण आगरा रेफर कर दिया।

## पैसों की तंगी के कारण आईआईटी सीट गंवाने वाले दलित छात्र की मदद के लिए आगे आए गांव वाले

मुजफ्फरनगर।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धनबाद में 17,500 रुपए का शुल्क जमा नही करा पाने के कारण सीट गंवाने वाले उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के टिटोरा गांव में रहने वाले दलित युवक की मदद के लिए गांव वाले आगे आए है।जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अतुल कुमार आईआईटी धनबाद मे शुल्क जमा नही करा पाने के बाद सीट से वंचित हो गए, जिसके बाद उन्होंने न्याय के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।शुल्क के लिए धन जमा करने में परेशानियों को देखते हुए अतुल के गांव के कई लोग मदद के लिए आगे आए और उन्हे धन दिया। अतुल ने आईआईटी धनबाद मे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए अपनी सीट सुरक्षित की थी।

## डीएम ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गुरूवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्था चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीएचयू के कुलपति से हाईकोर्ट ने मांगी सफाई

## कहा कार्यकारिणी परिषद के याची को प्रोन्नति प्रस्ताव को रोकने में तीन साल की देरी क्यों

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी बीएचयू के कुलपति को निर्देश दिया कि वह अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताएं कि उन्होंने 4 जून 2021 को कार्यकारिणी परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के कार्यान्वयन को तीन साल तक क्यों रोके रखा है। जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है और याचिकाकर्ता को लाभ से वंचित किया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय बीएचयू के आयुर्वेद आयुर्विज्ञान संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार दुबे की याचिका पर दिया है। जिन्हें तीन साल पहले कार्यकारी परिषद के प्रस्ताव के बावजूद पदोन्नति लाभ से वंचित किया जा रहा है। याची का कहना है कि उसकी नियुक्ति 27 जनवरी 09 को राजकीय आयुर्वेदिक कालेज वाराणसी में हुई थी। 2018 में वह बीएचयू में सहायक प्रोफेसर नियुक्त हुआ। उसने पिछली सेवा जोड़ने की कैरियर एडवांस स्कीम के तहत प्रोन्नति की मांग की। जिसे स्वीकार कर उसे सहायक प्रोफेसर स्टेज दो की प्रोन्नति दी गई। इसके बाद एक मार्च 19 को याची को सहायक प्रोफेसर स्टेज तीन की प्रोन्नति दी गई और कार्यकारिणी परिषद ने 4 जून 21 के प्रस्ताव से अनुमोदित भी कर दिया किंतु इस पर अमल नहीं किया गया। प्रस्ताव के तीन साल बाद कुलपति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 23 फरवरी 21 के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। कुलपति के अधिवक्ता राहुल अग्रवाल ने कहा कि स्पष्ट किया जाना है कि याची ने स्टेज दो लगातार पांच साल की सेवा पूरी की है या नहीं। कोर्ट ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि कुलपति ने तीन साल बाद यह निर्णय लिया। लगता है जानबूझकर यह निर्णय लिया गया है और कुलपति से इसकी सफाई मांगी है। याचिका की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

## माननीय शब्द को लेकर प्रमुख सचिव (राजस्व) से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पाया है कि आधिकारिक पत्राचार मे प्रदेश के विभिन्न रैंक के अधिकारियों के नाम के साथ माननीय शब्द लगाया जा रहा है। इस मामले मे कानपुर के मंडलायुक्त को इटावा के क्लेक्टर द्वारा भेजे गए पत्र मे माननीय मंडलायुक्त के तौर पर संबोधित किया गया है। कृष्ण गोपाल राठौर नाम के व्यक्ति द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर ने कहा, प्रमुख सचिव (राजस्व) हलफनामे के माध्यम से इस अदालत को अवगत कराएं कि क्या प्रदेश के उन अधिकारियों के बारे में कोई प्रोटोकॉल है जो अपने पद या नाम से पूर्व माननीय शब्द लगाए जाने के पात्र हैं। अदालत ने कहा, यह अदालत इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि माननीय शब्द मंत्रियो और संवैधानिक पदो पर आसीन व्यक्तियो के मामले मे उपयोग किया जाता है, लेकिन हमें इस बात की जानकारी नही है कि क्या यही व्यवस्था प्रदेश सरकार के सचिवो के लिए है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक अक्टूबर निर्धारित की।

## बुजुर्ग दंपति के बीच विवाद पर इलाहाबाद उच्च कोर्ट ने कहा : लगता है कलयुग आ गया

**प्रयागराज।** बुजुर्ग दंपति के बीच गुजारा भत्ता को लेकर जारी विवाद पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा, लगता है कलयुग आ गया है। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने अलीगढ़ के 80 वर्षीय मुनेश कुमार गुप्ता की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने अपनी पत्नी गायत्री देवी को प्रतिमाह 5,000 रुपए गुजारा भत्ता देने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी है।यह विवाद तब खड़ा हुआ जब लगभग 75 वर्षीय गायत्री देवी ने पारिवारिक अदालत में अपने पति से वित्तीय सहायता दिलाने की मांग की। गायत्री देवी ने अदालत को बताया था कि उनके पति को प्रतिमाह 35,000 रुपए पेंशन मिलती है। पारिवारिक अदालत ने गुप्ता को गुजारा भत्ता के तौर पर 5,000 रुपए प्रतिमाह गायत्री देवी को देने का आदेश दिया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शमशेरी ने कहा, ऐसा लगता है कि कलयुग आ गया है क्योंकि करीब 75-80 साल के बुजुर्ग दंपति गुजारा भत्ता के लिए एक दूसरे के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बीस सितंबर को सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में गायत्री देवी को नोटिस जारी किया ताकि दोनों किसी संतोषजनक समाधान पर पहुंच सकें।

## जयंत ने युवाओं को किया सम्मानित

बिजनौर। कौशल महोत्सव का सफल समापन आज केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार जयंत चौधरी ने किया। एक माह तक चले जॉब रैडीनैस प्रोग्राम के दौरान बिजनौर ज़िले से 13500 से अधिक युवाओं से स्किल इंडिया डिजिटल हब पर पंजीकरण किया था। इनमें से 3500 उम्मीदवारों को चुना गया और 5 दिन के प्रशिक्षण और करियर काउन्सलिंग के बाद नौकरियां दी गईं। आज 6000 युवाओं ने कौशल महोत्सव में हिस्सा लिया और तकरीबन 900युवाओं को उसी समय जॉब ऑफर दिए गए। इस मौके पर जयंत चौधरी ने सभा को सम्बोधित करते हुए आर्थिक विकास में कौशल विकास की भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा, सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राहुल की नागरिकता को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका की स्थिति बताए केंद्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित याचिका की एक प्रति प्राप्त करने को कहा। अदालत ने कहा कि इसी मुद्दे से संबंधित एक याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा है और दो अदालतें एक ही मुद्दे पर एकसाथ सुनवाई नहीं कर सकती हैं। अदालत ने कहा कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा। उच्च न्यायालय ने कहा, हमने अखबार में पढ़ा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय भी इसी मुद्दे पर सुनवाई कर रहा है। दो अदालतें एक ही मुद्दे पर एकसाथ सुनवाई नहीं कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश के पद पर नामित न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, आप (केंद्र) इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका की स्थिति का पता करें और याचिका की एक प्रति भी प्राप्त करें। हम सिर्फ आश्वस्त होना चाहते हैं कि हम किसी के अधिकार क्षेत्र में तो प्रवेश नहीं कर रहे हैं। पीठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यम स्वामी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को रद्द करने के अनुरोध वाले उनके आवेदन पर गृह मंत्रालय को निर्णय लेने का निर्देश देने का आग्रह किया था। स्वामी ने अपनी याचिका में गृह मंत्रालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि वह लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के खिलाफ उनके द्वारा दायर किए गए अभिवेदन पर स्थिति रिपोर्ट पेश करे। वकील सत्य सभरवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि छह अगस्त, 2019 को स्वामी ने मंत्रालय को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि गांधी ने ब्रिटिश सरकार के समक्ष स्वेच्छा से यह खुलासा किया था कि वह ब्रिटिश नागरिक थे, जो ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के योग्य हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश वकील ने अदालत से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर याचिका की प्रति प्राप्त करने के लिए समय देने का अनुरोध किया था।

# एनजीटी ने गंगा यमुना का प्रदूषण कम करने को गंभीर प्रयास करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली ने जनवरी 25 से होने वाले प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान गंगा यमुना में स्नान लायक जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी का गठन का आदेश दिया है और दो माह में गंगा जल की गुणवत्ता पर रिपोर्ट मांगी है।यह आदेश एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी तथा विशेषज्ञ सदस्य डा ए सैंथल की पीठ ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। अधिकरण की गठित हाई पावर कमेटी में अध्यक्ष मुख्य सचिव सचिव जलशक्ति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सचिव एम ओ ई एफएवं सी सी चेयरमैन सी पी सी बी चेयरमैन उ प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सदस्य बनाए गए हैं।अधिकरण ने कमेटी को महाकुंभ के दौरान गंगा जल की गुणवत्ता पर विचार करने का निर्देश दिया है। कहा है कि बिना शोधित सीवर गंगा यमुना में न गिरने पाए। अधिकरण ने सी पी सी बी को 10 स्थान पर निरीक्षण कर हर 15 दिन पर कमेटी को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है और कमेटी को दो माह में अपनी रिपोर्ट अधिकरण के समक्ष पेश करने को कहा है। अधिकरण ने कमेटी गठित करने से पहले संयुक्त समिति की 20 मई 24 की रिपोर्ट पर विचार किया। जिसके अनुसार प्रयागराज शहर के 44 नाले सीधे गंगा में जा रहे हैं।कुल 81 नाले हैं। जो 289097 एमएलडी सीवेज उत्सर्जित कर रहे। दस एसटीपी कार्यरत हैं। जिनकी शोधन क्षमता केवल 178031एम एल डी है। 73080 एम एल डी गंदा पानी नदी में जा रहा है। कोर्ट ने सरकार से समयबद्ध कार्ययोजना मांगी थी। जिलाधिकारी प्रयागराज ने 19 सितंबर 24 को रिपोर्ट दी कहा अब 39 नाले शोधित नहीं हैं। दो एस टी पी अगस्त 25 और फरवरी 26 तक चालू होगी। एक और एस टी पी बनने में समय लगेगा। कहा नाले बंद किए जायेंगे किन्तु इनका सीवेज कहा जायेगा इसकी जानकारी नहीं दी गई।

# आतंकवाद को दफना दिया गया है, अब लौटने नहीं दिया जाएगा

**चेनानी,** उधमपुर (भाषा) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अगले सप्ताह होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर हमले तेज किए और कहा कि ए तीनों वंशवादी पार्टियां आतंकवाद के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने खत्म कर दिया है और इसे दोबारा लौटने नहीं दिया जाएगा।

शाह ने भाजपा की सरकार बनने पर जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने का वादा किया और आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सत्ता में आने पर पाकिस्तान का एजेंडा लागू करेगा। शाह ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चेनानी और उधमपुर विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की नजर जम्मू-कश्मीर चुनाव पर है, जो संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद पहली बार हो रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय जनसंघ (वर्तमान भाजपा) के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को अगस्त 2019 में पूरा किया जब उसने उनके नारे - एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के अनुरूप अनुच्छेद 370 को हटाया। खराब मौसम के कारण गृह



मंत्री का हेलीकॉप्टर चेनानी में उतर नहीं पाया जिसके कारण वह अपनी पहली रैली के लिए निर्धारित समय से कुछ घंटे देरी से पहुंचे। उन्होंने उधमपुर के लिए उड़ान भरी और सड़क मार्ग से चेनानी पहुंचे। अपने भाषण के दौरान देरी से आने का जिक्र करते हुए शाह ने पहाड़ी क्षेत्रों में दिल्ली और गुजरात जैसी सड़कों के लिए मोदी सरकार की सराहना की। भाजपा नेता सड़क मार्ग से उधमपुर लौटे और दूसरी निर्धारित रैली को संबोधित किया। इसके अलावा बाद में उनका कठुआ जिले के बानी और जसरोटा निर्वाचन क्षेत्रों और जम्मू जिले के मार्च निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी रैलियों में भाग लेने का भी कार्यक्रम था। गृह मंत्री ने कहा कि जो भी जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाएगा, उसे फांसी पर लटकाया जाएगा। शाह ने कहा, मैं आपसे पूछता हूं कि (संसद पर हमले के दोषी) अफजल गुरु को फांसी दी जानी चाहिए थी या नहीं? नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस अब कह रहे हैं कि उसे फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी.....। उन्होंने उधमपुर जिले के चेनानी में एक रैली में कहा, वे पत्थरबाजों और आतंकवादियों को रिहा करना चाहते हैं। उमर अब्दुल्ला ने यह सपना देखना छोड़ दिया है क्योंकि आप ऐसा नहीं कर सकते। यह अदालतों का काम है और हमने ऐसे कानून लागू किए हैं कि अब कोई भी पत्थर फेंकने की हिम्मत नहीं करेगा। शाह ने कहा, यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जम्मू-कश्मीर करीब 40 साल तक आतंकवाद की छाया में रहा है। अगर वे (नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन) यह चुनाव जीतते हैं तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान का एजेंडा सफल हो गया।

# इजराइल के हमले में 23 सीरियाईयों की मौत : लेबनान

भाषा। बेरूत

**लेबनान की एक** इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई कामगार एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था। इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं तथा बचाव कार्य बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा। सल्लूम ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया कि जब तक एक छोटा बुलडोजर नहीं लाया गया तब तक हमने अपने हाथों से मलबा हटाया।



### बेरूत के उपनगरीय इलाकों में हवाई हमला किया

**तेल अवीव।** लेबनान के हिज्बुल्ला समूह के टीवी स्टेशन ने बेरूत के एक उपनगर में इजराइली हवाई हमले की सूचना दी है।अल-मनार टीवी ने बृहस्पतिवार की हड़ताल के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।इजराइली सेना ने कहा कि उसने बेरूत के दक्षिण में हमला किया है, लेकिन उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत जानकारी बाद में जारी की जाएगी। यह हमला ऐसे ही एक हमले के दो दिन बाद हुआ है जिसमे हिज्बुल्ला के मिसाइल यूनिट के एक वरिष्ठ कमांडर की मौत हो गई थी। वही, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में एक अति दक्षिणपंथी सहयोगी ने धमकी दी है कि यदि हिज्बुल्ला के साथ स्थाई युद्धविराम हो गया तो वह गठबंधन छोड़ देगा।ज्यूश पावर पार्टी के प्रमुख इतामार बेन-ग्वीर ने धमकी दी कि यदि अस्थाई समझौता हो जाता है तो वे गठबंधन के साथ सहयोग निलंबित कर देंगे।

### उत्तरी गाजा के एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत

**दीर अल बलाह।** उत्तरी गाजा में हजारों विस्थापित फिलिस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 11 लोग मारे गए और 22 घायल हो गए। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसने जबालिया शरणार्थी शिविर के स्कूल पर हमला किया और कहा कि यह हमला अंदर बैठे हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाकर किया गया था जो इजराइली सैनिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। अल-फलूजा स्कूल से प्राप्त फुटेज में बचावकर्मियों को मलबे और लोगों की भीड़ के बीच स्कूल परिसर से घायलों को बाहर निकालते हुए दिखाया गया है।

# सभी लक्ष्य पूरे होने तक हिजबुल्ला पर हमले बंद नहीं करेगा इजराइलः नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश हिजबुल्ला पर पूरी ताकत से हमला कर रहा है और जब तक उसके लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते, वह रुकेगा नहीं। नेतन्याहू ने यह बात उस समय कही जब वे संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे थे। इस दौरान अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारी इजराइल और लेबनान के हिजबुल्ला के बीच लड़ाई को 21 दिनों के लिए रोकने पर जोर दे रहे थे ताकि वार्ता के लिए समय मिल सके। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल की नीति स्पष्ट है। हम हिजबुल्ला पर पूरी ताकत से हमला करना जारी रखेंगे। और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेते, जिनमें से सबसे प्रमुख लक्ष्य उत्तर के निवासियों की सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापसी है। इजराइल ने इस सप्ताह लेबनान में हमले बढ़ा दिए हैं और उसका कहना है कि वह हिजबुल्ला को निशाना बना रहा है।

### इजराइली हमला निंदनीय, नहीं छोड़ेंगे गाजा: संयुक्त राष्ट्र में फ्लस्तीनी नेता

**न्यूयॉर्क।** फ्लस्तीनि प्राधिकरण के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को दुनिया भर के नेताओं के समक्ष गाजा पट्टी में इजराइली हमलों की निंदा की और अन्य देशों से युद्ध ग्रस्त क्षेत्र व उसके लोगों के खिलाफ जारी नरसंहार को रोकने की अपील की।उन्होंने कहा कि गाजा पूरी तरह से नष्ट हो चुका है।महमूद अब्बास पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर इजराइल की आलोचना कर चुके हैं लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमलों के बाद ऐसी प्रतिक्रिया दी।हमास के हमलों के बाद इजराइली सेना द्वारा शुरू किए गए अभियान ने गाजा पट्टी को लगभग तबाह कर दिया।मंच पर अब्बास का स्वागत जोरदार तालियों और नारों के बीच किया गया। अपने भाषण को शुरू करने से पहले उन्होंने दोहराया, हम नहीं जाएंगे। हम नहीं जाएंगे। हम नहीं जाएंगे। उन्होंने इजराइल पर गाजा को नष्ट करने और इसे रहने लायक न बनाने का आरोप लगाया।अब्बास ने कहा कि युद्ध के बाद उनकी सरकार गाजा पर एक स्वतंत्र फ्लस्तीनी राज्य के हिस्से के रूप में शासन करेगी। यह एक ऐसा बात है, जिसे इजराइल की कट्टरपंथी सरकार हमेशा से अस्वीकार करती रही है।

### ब्रिटिश प्रधानमंत्री को संत बसवेश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए आमंत्रित किया गया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को ब्रिटिश भारतीय समुदाय के साथ संत बसवेश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए आमंत्रित किया गया है। वह 12वी शताब्दी के संत कवि थे जिन्हे सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और वंचितो के उत्थान में योगदान के लिए जाना जाता है। समुदाय के सदस्यों ने यह जानकारी दी। हाल ही मे लंदन बरो ऑफ लैम्बेथ के पूर्व महापौर डॉ. नीरज पाटिल ने ब्रिटिश भारतीय समुदाय और लैम्बेथ बसवेश्वर फाउंडेशन की ओर से यह आमंत्रण दिया गया।इस फाउंडेशन को संत बसवेश्वर की प्रतिमा की स्थापना के लिए जाना जाता है। यह प्रतिमा ब्रिटिश संसद के सामने स्थित है। संत बसवेश्वर की प्रतिमा ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के लिए बहुत महत्व रखती है।

### ग्लोबल वीवो ने किया विस्तार

**यूके।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज अपनी वी 40 सीरीज में लेटेस्ट प्रोडक्ट- वीवो वी 40 ई लॉन्च किया। शाही और आधुनिक सौंदर्य समेटे हुए, वी 40 ई दो रंग वैरिएंट - रॉयल ब्रॉन्ज और मिंट ग्रीन में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8 जी बी + 128 जी बी वेरिएंट के लिए 28,999 रूपये(कर सहित) और 8 जी बी 256 जी बी वेरिएंट के लिए 30,999 रूपये(कर सहित) होगी। उपभोक्ता आज से स्मार्टफोन को प्री-बुक कर सकते हैं और 2 अक्टूबर, 2024 से वीवो इंडिया ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर पर स्मार्टफोन खरीद सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, विवो इंडिया में हेड ऑफकॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी, गीताज चन्नना ने कहा, नया वीवो वी 40 ई पेश करते हुए हमें खुशी हो रही है। त्योहारों का मौसम आने के साथ, हम अपने उपभोक्ताओं को अपनी सर्वश्रेष्ठ तकनीक प्रदान करना चाहते हैं और मानते हैं कि वी 40 ई एक बेहतरीन पैकेज है।

### भारतीय दूतावास ने चीन में सभी भारतीय नागरिकों से पंजीकरण कराने को कहा

**बीजिंग।** बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने चीन मे रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को दूतावास में पंजीकरण कराने की बृहस्पतिवार को सलाह दी, जो भविष्य में वहां से प्राप्त होने वाली सभी सेवाओ के लिए आवश्यक होगा। दूतावास द्वारा जारी एक परामर्श मे कहा गया है कि भारतीयों को दूतावास संबंधी सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए यह सलाह दी जाती है कि चीन मे रहने वाले सभी भारतीय नागरिक, जिनमे छात्र भी शामिल है, पंजीकरण कराएं। परामर्श मे कहा गया है कि वेबसाइट पर पंजीकरण फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने पर, आवेदक का नाम, पासपोर्ट नंबर और पंजीकरण संख्या वाला पंजीकरण दस्तावेज स्वचालित रूप से डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ प्रारूप मे तैयार हो जाएगा।

# भारत के साथ कुछ सहमति बनी है : चीनी रक्षा मंत्रालय

● लद्दाख में सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर चर्चा

भाषा। बीजिंग



**चीन और भारत** पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम होने के साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं। चीनी रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने यहां संवाददाताओं से कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो। वह पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक लंबे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के लिए शेष टकराव बिंदुओं विशेष रूप से डेमचोक और देपसांग से सैनिकों को हटाने पर दोनों देशों के बीच बातचीत पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। गतिरोध के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच संबंधों में ठहराव आ गया था। झांग ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग ई के बीच हुई बैठक के साथ-साथ रूस में ब्रिक्स बैठक के इतर वांग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच हुई हालिया मुलाकात का जिक्र किया।

### चीन ने परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करने की प्रतिबद्धता जताई

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने संबंधी नीति का सख्ती से पालन करता है और हाल में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के प्रक्षेपण का इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा, चीन की परमाणु नीति बहुत स्थिर और सुसंगत है। हम परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने की परमाणु नीति का सख्ती से पालन करते हैं और आत्मरक्षा की परमाणु रणनीति अपनाते हैं।

### अरुणाचल की चोटी को छठे दलाई लामा का नाम देने पर चीन ने नाराजगी जताई

**बीजिंग।** भारतीय पर्वतारोहियों की ओर से अरुणाचल प्रदेश की एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर चीन ने बृहस्पतिवार को नाराजगी जताई और उसने इस क्षेत्र पर एक बार फिर अपना दावा किया। राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान (एनआईएमएस) की एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश की 20,942 फुट अनाम चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की जिस पर अभी तक कोई नहीं चढ़ा था। इसके बाद टीम ने इस चोटी का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखने का फैसला किया जिनका जन्म 1682 में मोन तवांग क्षेत्र में हुआ था।

## क्विक न्यूज

### जापानः मौत की सजा पाने वाला पूर्व मुक्केबाज मुकदमे की दोबारा सुनवाई के बाद बरी

**तोक्यो।** जापान की एक अदालत ने 1966 मे चार लोगो की हत्या से संबंधित मुकदमे की दोबारा सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को 88 वर्षीय पूर्व मुक्केबाज इवाओ हाकामदा को बरी कर दिया। अदालत ने पिछले अदालती फैसले को पलट दिया, जिसके तहत उन्हे मौत की सजा सुनाई गई थी। शिजूका जिला अदालत ने उन्हे बरी करने का फैसला सुनाया। इसके साथ ही हाकामदा जापान मे ऐसे पांचवे व्यक्ति बन गए, जिन्हे पहले मौत की सजा सुनाई गई और फिर मुकदमे की दोबारा सुनवाई के बाद बरी कर दिया गया। हाकामदा के वकील ने बताया कि न्यायाधीश कोशी कुनई ने कहा कि अदालत कई झूठे साक्ष्य पेश किए जाने की दलील स्वीकार करती है और हाकामदा अपराधी नही है।इस फैसले के बाद हाकामदा की 91 वर्षीय बहन खिलखिलाकर मुस्कुराते हुए अदालत से बाहर आईं और कहा, आप सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया, इतने लंबे समय तक हमारा साथ देने के लिए आपका बहुत-बहुत आभार। हाकामदा को 1966 मे एक कंपनी के प्रबंधक तथा उसके परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने और मध्य जापान मे स्थित उनके घर को आग लगाने का दोषी करार दिया गया था। उन्हे 1968 मे मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन लंबी अपील प्रक्रिया और मुकदमे की दोबारा सुनवाई के चलते उन्हे दी गई सजा पर अमल नही किया गया था। उन्होंने कुल 48 साल जेल में गुजारे, जिनमे से 45 वर्ष उन्हे मौत की सजा सुनाए जाने के बाद काटने पड़े। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार वह दुनियाभर में, मौत की सजा सुनाए जाने के बाद सबसे लंबे समय तक जेल मे रहने वाले व्यक्ति बन गए है।

### लक्जमबर्ग पहुंचे पोप, पादरियों को करेंगे संबोधित

लक्जमबर्ग। पोप फ्रांसिस यूरोप मे उन स्थानो की यात्रा कर रहे है जो कभी ईसाई धर्म के मजबूत गढ़ समझे जाते थे। उनकी इस यात्रा का मकसद ईसाई समुदाय को उत्साहित करना है, जिसकी सक्रियता धर्मनिरपेक्षता और अनुचित व्यवहार के मामलो के चलते कम हो गई है। यही वजह है कि कई बड़े गिरजाघरो और गांव के चर्च में अब पहले की तरह भीड़ नजर नही आती। फ्रांसिस बृहस्पतिवार को लक्समबर्ग पहुंचे, जो यूरोपीय संघ का दूसरा सबसे छोटा देश है। लक्जमबर्ग की जनसंख्या लगभग 6,60,000 है और यह प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में सबसे धनी है। फ्रांसिस ने ड्यूक के महल में लक्जमबर्ग के ग्रैंड ड्यूक हेनरी और लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन से अलग-अलग मुलाकात की। इस यात्रा के दौरान प्रवासन, जलवायु परिवर्तन और शांति जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। यूरोपीय संघ के आंकड़े दर्शाते हैं कि लक्जमबर्ग के निवासियो में से बमुश्किल आधे या 52.6 प्रतिशत लोग मूल नागरिक हैं। निवासियो में से 37.2 प्रतिशत यूरोपीय संघ के पुर्तगाल जैसे अन्य देशो से तथा 10.2 प्रतिशत यूरोपीय संघ के बाहर से आते हैं।

### ग्लोबल लर्निंग कॉन्क्लेव में 100 से अधिक बच्चे सम्मानित

यूपी। पहले ग्लोबल लर्निंग लैब कॉन्क्लेव के हिस्से के रूप में आयोजित 14वें एजुकेशनल लीडरशिप समिट का भव्य समापन हुआ। इस दौरान इनिशिएटिव लॉन्च किया गया, जो एक एडटेक उपकरण है जो आम नागरिकों को आवश्यक ज्ञान, कौशल और सामग्री प्रदान करके उन्हें एक अनौपचारिक शिक्षा केंद्र खोलने के लिए सशक्त बनाता है। इस लॉन्चिंग में लखनऊ के विभिन्न झुग्गी क्षेत्रों के 100 से अधिक बच्चों की उपस्थिति ने इसे एक महत्वपूर्ण पल बनादिया। इस कार्यक्रम ने शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित किया और के माध्यम से युवा छात्रों की उपलब्धियों का भी उत्सव मनाया। इस 3 महीने के पायलट प्रोजेक्ट में 100 झुग्गी बस्तियों के बच्चे शामिल थे, जो सिटी मॉन्टेसरी स्कूल शालीमार वनवर्ल्ड कैंपस, सिटी इंटरनेशनल स्कूल, ह्ट्ट्र्ठ ञ्जड्डह्ड्ड जवाहर नगर और उम्मीद फाउंडेशन का हिस्सा हैं।इस पायलट प्रोजेक्ट में शामिल 5वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 20 बच्चों को एनआईओएस प्रमाणपत्रप्रदान किए गए। देवी संस्थान ने तीन सामाजिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन ) पर हस्ताक्षर किए हैं, जोजमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। इनमें शामिल हैं शंभूका फाउंडेशन, जिसका प्रतिनिधित्व अनुराग गोयल ने किया, प्रयास एक संकल्प जिसका प्रतिनिधित्व सुश्री गरिमा प्रकाश ने किया, और उम्मीदफाउंडेशन, जिसका प्रतिनिधित्व श्री बलबीर सिंह ने किया। ये संस्थाएं अपने-अपने क्षेत्रों में 'वन तारा'स्कूलों को लागू करेंगे। देवी संस्थान की संस्थापक डॉ. सुनीता गांधी ने कहा, वन तारा ऐप लोगों को बदलाव लाने में सक्षम बनाएगा।

### विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस : निरंतरता पर जोर

ग्लोबल। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पृथ्वी के प्रति सम्मान के अपने सिद्धांत के अनुसार, टोयोटा ने अक्तूबर 2015 में वैश्विक स्तर पर टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 (टीईसी 2050) की घोषणा की, जिसमें छह पर्यावरणीय चुनौतियाँ शामिल हैं। तीन चुनौतियों का पहला सेट हमारे उत्पादों और विनिर्माण गतिविधियों सहित इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला से कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर केंद्रित है। बाद की तीन चुनौतियों का उद्देश्य शुद्ध सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। टीईसी 2050 के साथ तालमेल में, टीकेएम की बहुआयामी रणनीति ऐसे अभिनव समाधान प्रदान करना जारी रखे हुए है जो उत्पाद और सेवा पेशकशों से परे हैं। इसमें प्रकृति संरक्षण (जैसे वनरोपण, देसी जैव विविधता की खेती आदि), संसाधन दक्षता (जल, सामग्री और ऊर्जा प्रबंधन) तथा रीसाइक्लिंग और पुन- उपयोग पहल आदि को आगे बढ़ाने और बहुत कुछ के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। कंपनी ने बायोएनर्जी (जैसे इथेनॉल) द्वारा संचालित अभिनव उन्नत वाहन प्रौद्योगिकियों को भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है जो बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन की खपत को तेजी से विस्थापित कर सकते हैं और साथ ही व्यापक वेल-टू-व्हील (डब्ल्यू2डब्ल्यू) आधार पर कम कार्बन उत्सर्जन प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अवसर का लाभ उठाते हुए टीकेएम ने अगस्त 2023 में, दुनिया के पहले बीएस6 स्टेज 2 इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल के प्रोटोटाइप का अनावरण किया। अपने विचार साझा करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और निदेशक, विनिर्माण, श्री बी. पद्मनाभ ने कहा, हमारा दृष्टिकोण लगातार एक सच्ची गतिशीलता कंपनी के रूप में विकसित होना है, जो 'कार्बन तटस्थता' हासिल करने के लिए हर रास्ते की खोज कर रही है।

### लॉस एंजिलिस की महापौर ने भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की घोषणा का स्वागत किया

वाशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित लॉस एंजिलिस की महापौर कैरेन बास ने अपने शहर मे भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा का स्वागत किया। बास ने एक बयान मे कहा, मै भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना करने की घोषणा से बेहद उत्साहित और खुश हूं। खासकर ऐसे समय मे जब हम 2026 मे फीफा विश्व कप और 2028 मे ओलंपिक और पैरालंपिक खेलो की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे है। उन्होंने कहा, कैलिफोर्निया मे दस लाख से अधिक भारतीय और भारतीय-अमेरिकी रहते है, इसलिए नया वाणिज्य दूतावास पूरे क्षेत्र के लोगो के साथ-साथ आने वाले वर्षो मे भारत से आने वाले लोगो के लिए भी सहायक के रूप मे काम करेगा। कैरेन बास ने सितंबर 2023 मे अमेरिका मे तत्कालीन भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू को एक ईमेल भेजकर न्यूयॉर्क मे एक भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, कैलिफोर्निया को गर्व है कि उसके यहां अमेरिका मे पढ़ने वाले कुल भारतीय छात्रो में से 10 फीसदी से अधिक छात्र रहते है। हम हमारे समुदायों के बीच के सेतु को अहमियत देते है। भारत और लॉस एंजिलिस के बीच पर्यटन परस्पर हित का एक अन्य स्रोत है। एक लाख से अधिक छात्र लॉस एंजिलिस हर साल आते है। एक वाणिज्य दूतावास न केवल जरूरी सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि यह हमारे बीच सहयोग को बढ़ाने का एक अहम साझेदार है। लॉस एंजिलिस मे डेढ़ लाख से अधिक भारतीय अमेरिकी रहते है।

# मैक्रो ने संरा सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के भारत के दावे का समर्थन किया

भाषा। न्यूयॉर्क



**फ्रांस के राष्ट्रपति** इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है और संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा। उन्होंने कहा, इसलिए, फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थाई सदस्य होना चाहिए, साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा। भारत सुरक्षा परिषद में लंबे समय से लंबित सुधारों को तत्काल लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र के उच्च मंच पर स्थाई सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वर्तमान में, सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य और 10 अस्थाई सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है।

# ट्रंप पर हमला अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की विफलता, स्थानीय पुलिस की नहीं : समिति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास मामले की जांच कर रही एक समिति के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति पर हमला अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की विफलता थी न कि स्थानीय पुलिस की। सदन की एक द्विदलीय समिति के सदस्यों ने मामले की पहली सुनवाई के दौरान यह बात कही। समिति में सात रिपब्लिकन और छह डेमोक्रेट शामिल हैं। सीक्रेट सर्विस , देश की सबसे पुरानी संघीय जांच कानून प्रवर्तन एजेंसियों में से एक है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली के दौरान हमला किया गया था, जिसमें एक गोली उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी थी। संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले थॉमस माइकल क्रुक्स के रूप में की थी। अपने प्रारंभिक बयान में समिति के रिपब्लिकन सह-अध्यक्ष, पेंसिल्वेनिया के प्रतिनिधि माइक केली ने हमले के लिए सीक्रेट सर्विस की विफलताओं को दोषी ठहराया, जिसके कारण बंदूकधारी क्रुक्स को पास की इमारत की छत तक पहुंचने और ट्रंप पर गोलीबारी करने का मौका मिल गया। इस हमले में ट्रंप घायल हो गए थे और अपने परिवार के साथ रैली में शामिल एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

### रूसी मिसाइलों और ड्रोन ने कीव को पांच घंटे तक निशाना बनाया

**कीव।** अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को राजधानी कीव पर रात में किए गए रूसी हवाई हमले का पांच घंटे तक सामना करना पड़ा, जबकि मिसाइलों और ड्रोन से एक बार फिर यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमला किया गया।यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि कीव पर हुए हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए हैं। कीव सैन्य प्रशासन ने कहा कि शहर में एक किंडरगार्टन, एक गैस पाइप और करीब 20 कार क्षतिग्रस्त हो गईं। लंबी दूरी के हमले यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान की पहचान रहे हैं तथा अक्सर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का यह तीसरा वर्ष है।

# हमारे परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का मकसद यूक्रेन के सहयोगी पश्चिमी देशों को चेतावनी देना हैः रूस

भाषा। मॉस्को



**क्रेमलिन ने** बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के परमाणु सिद्धांत में बदलाव का मकसद यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों को रूस पर हमला करने में सहायता देने के प्रति चेतावनी देना है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय और आवास, क्रेमलिन, के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित दस्तावेज में संशोधन उन देशों के लिए एक चेतावनी संकेत है कि अगर वे विभिन्न संपत्तियों के साथ हमारे देश पर हमले में शामिल होते हैं (जरूरी नहीं कि वे परमाणु हथियार हों) तो उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पश्चिम को एक कड़ी और नई चेतावनी देते हुए पुतिन ने बुधवार को कहा कि परमाणु शक्ति संपन्न किसी देश के समर्थन से कोई राष्ट्र रूस पर पारंपरिक हमला करता है, तो उसे देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा।मॉस्को के परमाणु सिद्धांत के संशोधन में उल्लिखित खतरे का उद्देश्य स्पष्ट रूप से पश्चिम को यूक्रेन को रूस पर लंबी दूरी के हथियारों से हमला करने की अनुमति देने से हतोत्साहित करना था और ऐसा प्रतीत होता है कि यह रूस के परमाणु शस्त्रागार के संभावित उपयोग पर रोक में भी ढील देता है। पुतिन ने बुधवार की सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान यह निर्दिष्ट नहीं किया कि क्या संशोधित दस्तावेज ऐसे हमले किए जाने पर परमाणु प्रतिक्रिया की परिकल्पना करता है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस ऐसे पारंपरिक हमले के जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है जो हमारी संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा हो। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करन के बीच यूक्रेन में रूस धीमी लेकिन अनवरत बढ़त हासिल कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में पुतिन ने अमेरिका और अन्य नाटो सहयोगियों को चेतावनी दी थी ।

### तालिबान ने महिलाओं एवं लड़कियों के साथ भेदभाव के आरोप को खारिज किया

**काबुल।** तालिबान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उस पर लगाए जा रहे लैंगिक भेदभाव एवं अन्य मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप पूरी तरह गलत हैं। चार देशों ने अफगानिस्तान के शासकों को महिलाओं एवं लड़कियों के साथ उनके व्यवहार को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत जवाबदेह ठहराने का निश्चय किया है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी और नीदरलैंड ने संयुक्त राष्ट्र महिला संधि का उल्लंघन करने को लेकर तालिबान के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने की तैयारी कर ली है। अफगानिस्तान इस संधि का हिस्सा है। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर बुधवार को यह पहल शुरू की। महासभा का यह सत्र न्यूयॉर्क में सोमवार तक चलेगा।

# एक बार फिर अधिक महामारियां क्यों आ रही हैं

● ग्रह पर हमारा प्रभाव भी इसका कारण है

भाषा। मेलबर्न

**पूरी** दुनिया में संक्रामक रोगों के फैलने से होने वाली महामारी वापस लौटती प्रतीत हो रही है। मध्य युग में ब्लैक डेथ (प्लेग) और प्रथम विश्व युद्ध के बाद फैले स्पैनिश फ्लू ने करोड़ों लोगों को मौत की नींद सुला दिया था। इसके बाद विज्ञान ने उड़ान भरी तथा चेचक और पोलियो का, टीकाकरण से लगभग सफाया हो गया। जीवाणुओं से होने वाले संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स और हाल ही में एंटीवायरल भी उपलब्ध हो गए। बावजूद इसके, अब महामारियां फिर से लौटती दिख रही हैं। 1980 के दशक में हमारे यहां एचआईवी । एड्स , फिर फ्लू महामारियां , सार्स और अब कोविड (जो अभी खत्म नहीं हुआ है) ने कहर ढाया। ऐसा क्यों हो रहा है और क्या हम भविष्य में महामारियों को रोकने के लिए कुछ कर सकते हैं? असंतुलित पारिस्थितिकी तंत्र स्वस्थ और स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र हमें स्वस्थ रखते हैं। ए भोजन और स्वच्छ जल की आपूर्ति , ऑक्सीजन का उत्पादन तथा हमारे मनोरंजन और स्वस्थ रहने के लिए हरे - भरे स्थान उपलब्ध कराते हैं। खास बात यह है कि ए तंत्र बीमारियों का नियमन भी करते हैं। प्रकृति जब संतुलन में होती है तो रोगजनक कारकों के लिए महामारी का कारण बनने वाले तरीकों को बढ़ावा दे पाना मुश्किल होता है। संतुलन से तात्पर्य उस स्थिति से है जिसमें शाकाहारी आबादी को शिकारी नियंत्रित करते हैं और वनस्पति को शाकाहारी नियंत्रित करते हैं।

### बादाम से दिल सेहतमंद और खुशहाल रहेगा

हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है, जिसका मकसद दिल की सेहत के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिन डॉक्टर, सरकारी संस्थान और अंतरराष्ट्रीय संगठन मिलकर हृदय रोगों (सीवीडी) और इनके बचाव के बारे में जानकारी देते हैं। हाल के वर्षों में भारत में हृदय रोगों के मामलों में तेजी देखी गई है, जो चिंता का विषय है। अपने दिल को स्वस्थ रखने का एक सरल तरीका है कि आप अपने रोजाना के भोजन में हार्ट हेल्दी फूड जैसे मुट्ठीभर बादाम शामिल करें।दिल की बीमारियों से बचाव में बादाम एक बेहद मददगार साथी हो सकता है। इसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, डाइटरी फाइबर, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे 15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाने से टोटल और एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल कम किया जा सकता है, साथ ही दिल को नुकसान पहुंचाने वाली सूजन भी कम होती है। इसीलिए इसे दिल की सेहत के लिए एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक स्टडी में यह पाया गया कि रोज़ 42 ग्राम बादाम खाने से दिल से जुड़ी कई बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। बादाम को नियमित स्नैक के रूप में शामिल करने से पेट की चर्बी और कमर की चौड़ाई कम होती है, जो हृदय रोगों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। अभिनेत्री, सोहा अली खान ने कहा, दिल की सेहत बनाए रखना बेहद जरूरी है, और इसके लिए संतुलित आहार और एक्टिव रहना महत्वपूर्ण हैं। मैं अपने और अपने परिवार के लिए हमेशा इस बात का ध्यान रखती हूं। खाने में मैं जंक फूड से बचने की कोशिश करती हूं और बादाम जैसे सेहतमंद विकल्पों को चुनती हूं। अपनी दिनचर्या में मैं बादाम को शामिल करती हूं, जिससे मेरा पेट भरा रहता है और मुझे नुकसानदायक स्नैक्स से दूर रहने में मदद मिलती है। साथ ही, मैं योगा, पिलेट्स और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जैसे वर्कआउट करके एक्टिव रहने की कोशिश करती हूं, ताकि मेरा दिल स्वस्थ रहे।

# उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में जनजातियों के बीच संघर्ष में 36 लोग मारे गए

भाषा। पेशावर

**अफगानिस्तान** की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्म जिले में पिछले छह दिन में एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने कहा पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं जबकि 80 अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवर और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई। ए इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से सटे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और तालिबान का गढ़ माना जाता है। जुलाई में इसी क्षेत्र में बोशेरा और मालीखेल जनजातियों के बीच सप्ताह भर चली झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए और 225 से अधिक घायल हो गए। दोनों पक्षों के बुजुर्गों के संयुक्त संघ जिरगा (आदिवासी परिषद) ने झड़पों को रोकने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और कोहाट आयुक्त से मुलाकात की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। बृहस्पतिवार को हिंसक झड़पें लगातार छठे दिन भी जारी रहीं, जिसमें ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में भारी गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप छह और लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए।

